हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 2 जुलाई 2025



# सर्वर की समस्या: किताबों का बारकोड स्कैन करने में छूटे पसीने, आधी ही बंटी पुस्तकें!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले साल सरकारी किताबों के कबाड़ खाने में मिलने के बाद इस नए सत्र से शासन ने हर सरकारी किताब में एक बारकोड लगाकर भेजा है। वितरण से पहले इन बारकोड को एक ऐप के जरिए स्कैन करने के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन सर्वर की दिक्कतों के चलते बारकोड स्कैन करने में शिक्षकों के पसीने छूट गए हैं। स्कूल खुले एक पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी स्कैनिंग का काम पूरा नहीं हो पाया है। इतना ही नहीं कई किताबों में बारकोड की छपाई भी सही ढंग से नहीं हुई है। जिसके चलते भी उसकी स्कैनिंग नहीं हो पा रही है।


इधर किताबों के स्कैन नहीं होने से विद्यार्थियों को वितरण का काम भी अटका हुआ है। जिसके चलते पंद्रह दिनों बाद भी बच्चे बगैर किताबों के स्कूल में पढ़ाई कर रहे हैं। हालांकि विभाग का कहना है कि शिक्षकों को अतिरिक्त समय में भी स्कैनिंग का काम करने की छूट दी गई है। जिससे यह कार्य जल्द पूरा हो पाए।

चिंताजनक बात यह है कि बगैर बारकोड स्कैन किए किताबों के वितरण पर रोक है। ऐसे में स्कैनिंग का काम पूरा होने के बाद ही इसका वितरण हो पाएगा। शिक्षकों ने भी अपने स्तर पर सर्वर की समस्या की शिकायत विभाग को दर्ज कराई है, लेकिन अब तक इसमें कोई सुधार देखने को नहीं मिला है। सत्र का पंद्रह दिन बीत जाने के बाद भी किताबों का वितरण नहीं होने से विद्यार्थियों के साथ ही शिक्षक भी परेशान हैं।

## बगैर बारकोड स्कैन किए वितरण पर रोक, घंटों की मेहनत बाद हो पा रहा किताबों का वितरण

### साढ़े सात लाख किताबें

मिली जानकारी के अनुसार जिले में पहली से दसवीं तक करीबन 1.49 लाख विद्यार्थी हैं, जिनको बांटने के लिए लगभग साढ़े सात लाख किताबें लगेंगी। अलग-अलग कक्षा में किताबों की अलग-अलग संख्या तय है। करीबन साढ़े सात लाख किताबें जिले में वितरित की जानी है। इसमें पहली से तीसरी तक तीन, चौथी-पांचवी में चार, छठवीं से आठवीं तक छह एवं 9वीं-10वीं के बच्चों को सात किताबें दी जाएगी।



### ट्रेक करने लगाए बारकोड!

ज्ञात हो कि पिछले साल भारी मात्रा में सरकारी किताब कबाड़ खाने में मिली थी। जिसको देखते हुए ही इस बार सभी किताबों के बाहर एक बारकोड लगाया गया है। इसके पीछे का कारण बताया गया कि इस बारकोड से किताब को ट्रेक किया जा सकेगा। यदि कोई इन किताबों को कबाड़ खाने में बेचता है, तो बारकोड से यह पता चल जाएगा कि किताब किस स्कूल में बंटी थी।

### कोर्स बदला, किताबें उपलब्ध नहीं

किताबों के वितरण में दिक्कतें आने से सर्वाधिक परेशानी छठवी कक्षा को आ रही है। छठवी का कोर्स बदला गया है और नई किताबें नहीं मिलने से बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह प्रभावित हो गया है। वहीं विद्यार्थियों को पुस्तक देने के लिए दो बार स्कैनिंग करनी पड़ रही है। सर्वर के ठप्प होने के कारण स्कूलों में सुबह से लेकर दोपहर तक शिक्षकों और बच्चों को हलाकान होना पड़ रहा है। सर्वाधिक दिक्कतें हिन्दी की पुस्तक में हो रही है। इसमें बार कोड की स्याही के बेहद खराब होने के कारण स्कैनिंग नहीं हो पा रही है।

## खबर संक्षेप

### 4 तक वार्डों में सामाजिक सुरक्षा पेंशन शिविर

**राजनांदगांव।** नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते नगर निगम द्वारा प्रतिमाह पेंशन का भुगतान वार्डों में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कड़ी में हितग्राहियों को माह फरवरी से मई 2025 का पेंशन भुगतान के लिए वार्डों में 17 जून से 29 जुलाई तक सुबह 10.30 से दोपहर 3.30 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत कल 2 जुलाई को वार्ड नं. 18 व 19 के लिए आनंद विहार कालोनी के सामुदायिक भवन गली नं. 5 में, 3 जुलाई को वार्ड नं. 22, 44 एवं 45 के लिए आंगनबाड़ी भवन सतनामी पारा कौरिनभाठा तथा 4 जुलाई को वार्ड नं. 47 के लिए पार्षद कार्यालय देवांगनपारा मोहारा में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डों के लिए भी शिविर आयोजित किए जाएंगे। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने पेंशनधारियों से वार्डों में आयोजित शिविर में उपस्थित होकर पेंशन का लाभ लेने की अपील की है।

### जिपं के साधारण सभा की बैठक 11 को

**राजनांदगगांव।** जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक 11 जुलाई 2025 को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत राजनांदगांव के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों के संबंध में चर्चा की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया एवं अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित होने कहा गया है।

### माय एंगल



## फरार एबीवीपी नेता संजय की तलाश में चार टीमें, दो राज्यों में खोजबीन

# सिंडीकेट बनाकर रेत निकालने की थी तैयारी, ग्वालियर से एक और गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के मोहड में अवैध रूप से रेत निकालने की बात को लेकर हुए पूर्व में मारपीट और गोलीकांड के मामले में फरार एक और आरोपी को पुलिस ने मप्र के ग्वालियर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से देशी कट्टा एवं कार बरामद की गई है। पूरे मामले में यह तत्थ्य भी सामने आ रहे हैं कि सिंडीकेट बनाकर रेत को अवैध रूप से निकलने की कोशिश की गई थी। मामले में आरोपी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेता संजय सिंह सहित अन्य की पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है।

ज्ञात हो कि 11 जून को रात्रि 7 से साढ़े 7 बजे के बीच ग्राम मोहड शिवनाथ नदी में अवैध तरीके से रेत निकालने के लिए रैम्प तैयार करने जेसीबी चालक पहुंचा था। जिसकी जानकारी होने पर कुछ ग्रामीण घटनास्थल पहुंचकर रोकने का प्रयास कर रहे थे। इस दौरान कार में सवार 7-8 लोग उतरकर ग्रामीणों से मारपीट करते फायरिंग भी किए थे। मारपीट की इस घटना से कुछ ग्रामीणों को चोंटे भी आई थी और गांव में बवाल मच गया था। मौके पर जाकर पुलिस को स्थिति नियंत्रण में करना पड़ा था। इस मामले में बसंतपुर थाना में आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया था।



### तलाश जारी



इस मामले के आरोपी संजय सिंह की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की चार टीमें लगातार दबिश दे रही है। शीघ्र ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**- मोहित गर्ग,** एसपी

### 7 आरोपी पकड़े गए

शहर के ग्रामीण वार्ड में हुए इस तरह की घटना को लेकर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने पुलिस की पांच अलग-अलग टीम बनाकर आरोपियों को पकड़ने के लिए उत्तरप्रदेश, झांसी, नागपुर, भोपाल, इंदौर, भिंड, मुरैना सहित अन्य स्थानों पर भेजा था। इस मामले में विवेचना के दौरान पूर्व में जेसीबी चालक भगवती निषाद, पार्षद संजय रजक, अभिनव तिवारी, अतुल सिंह तोमर, जितेन्द्र नारौलिया, अमन सिंह परिहार, अभय सिंह तोमर को गिरफ्तार कर कार्रवाई की थी। मामले में फरार अन्य आरोपियों की तलाश हेतु पुलिस टीम द्वारा विभिन्न शहरों में लगातार दबिश दी जा रही थी।

### अवैध रूप से रेत निकालने अलग-अलग जिम्मेदारियां थी

पुलिस के अनुसार आरोपी सिंडीकेट बनाकर अवैध रूप से रेत निकालकर बिक्री करने के प्रयास में थे। पूछताछ में यह जानकारी सामने आई है कि प्रति ट्रीप ट्रैक्टर में आठ सौ रुपए एवं हाइवा में तीन हजार रुपए बचता। इसके लिए लोक सपोर्ट के साथ-साथ रेत निकालने, बेचने एवं बल के लिए लड़कों को बाहर से लाकर कार्य करने का प्रयास था। जिसके लिए अलग-अलग जिम्मेदारियां थी। पुलिस के अनुसार इस मामले में पुलिस के रडार पर कई लोग हैं।

### फरार आरोपी ग्वालियर में पकड़ाया, कट्टा व कार बरामद

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने मंगलवार को पत्रकारवार्ता में बताया कि प्रकरण में संलिप्त फरार आरोपी कृष्णा उर्फ गोलू गुर्जर उर्फ गोलू दनगस 24 वर्ष डीडीनगर शताब्दीपुरम थाना महराजपुर जिला ग्वालियर निवासी को ग्वालियर से हिरासत में लेकर राजनांदगांव लाया गया। आरोपी ने पूछताछ पर जुर्म करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक देशी कर्टा एवं 1 जिंदा कारतूस के साथ-साथ महिन्द्रा एक्सयूव्ही वाहन जब्त कर कार्रवाई की गई है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ मप्र में विभिन्न मामले दर्ज हैं। इस मामले में संबंधित आरोपी संजय सिंह बघेल व अन्य आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

# दो पहिया वाहन की ठोकर से वृद्ध महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया




सोमवार की शाम सड़क अतरिया के हाईस्कूल के सामने दो पहिया वाहन ने वृद्ध महिला को ठोकर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाते समय उसने दम तोड़ दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार शाम को 64 वर्षीय टेटकीबाई गोड़ गांव के वार्ड क्रमांक एक में निवासरत अपने बेटी के घर आई थी। धार्मिक कार्य में शामिल होकर तकरीबन 7 बजे वह अपने घर लौट रही थी, तभी मुख्य मार्ग में हाईस्कूल के सामने एक तेज रफ्तार भागती दो पहिया वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। ठोकर से वृद्ध महिला सड़क पर गिर पड़ी। जिससे उसके सिर पर गंभीर चोंट लगने से लहूलुहान हो गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने तत्काल घटना की सूचना 112 को दिया। कुछ देर बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल वृद्ध को छुईखदान चिकित्सालय लेकर आई। महिला के सिर पर गंभीर चोंट लगे होने के कारण उसका प्राथमिक उपचार कर जिला चिकित्सालय राजनांदगांव रिफर कर दिया गया। जिला चिकित्सालय जाते समय वृद्ध ने बीच रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। गंड़ई पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### वाहनों के रफ्तार पर नहीं लग रहा अंकुश

छुईखदान गंड़ई मुख्य मार्ग में छोटे-बड़े वांहनों की तेज रफ्तार पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। आए दिन सड़क पर दुर्घटनाएं बढ़ रही है। मुख्य चौक, गांव आदि जगह पर भी वाहनों की रफ्तार कम नहीं होती है। समय पर वाहन चालक अपने वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाता और दुर्घटना का शिकार हो जाता है। बरसात में सड़क गीली, सड़कों पर मवेशी तथा सड़क किनारे पेड़ की लटकती टहनियां भी दुर्घटना का कारण बना हुआ है।

# आधी रात ढाबे में मामूली विवाद पर साफ्टवेयर इंजीनियर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




नेशनल हाईवे में स्थित टेडेसरा में अपना ढाबा में आधी रात को मामूली बात को लेकर छिड़े विवाद के बीच चाकूबाजी से एक साफ्टवेयर इंजीनियर की हत्या हो गई। पुलिस इस मामले की जांच पड़ताल शुरू कर आरोपियों की पतासाजी में जुट गई है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घटना सोमवार की देर रात करीब दो बजे के आसपास की बताई जा रही है। टेडेसरा में स्थित अपना ढाबा में भिलाई निवासी साफ्टवेयर इंजीनियर प्रशांत तिवारी अपने दोस्तों के साथ जन्मदिन मनाने आया था। इस दौरान भिलाई से भी कुछ युवक वहां पहुंचे थे। इन युवकों को ढाबा संचालक ने खाना नहीं होने की जानकारी दी तो वे वहीं बैठकर शराब सेवन करने लगे। इधर साफ्टवेयर इंजीनियर प्रशांत खाना खाने के बाद अपने दोस्तों के साथ जैसे ही लौटने लगा, उससे पानी की बोतल गिर गई। सूत्रों ने बताया कि इस बात को लेकर वहां मौजूद भिलाई के अन्य युवकों ने उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। विवाद इतना बढ़ा कि एक युवक ने प्रशांत पर चाकू से वार कर दिया। गंभीर स्थिति में उसे भिलाई सेक्टर नौ अस्पताल ले जाया गया, जहां आज दोपहर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों की पतासाजी शुरू कर दी है।

### ढाबों में आधी रात तक मयकशी

शहर सहित जिलेभर में अवैध शराब के चलते आए दिन मारपीट और हत्या जैसी घटनाएं हो रही है। इसके बाद भी नेशनल हाईवे स्थित ढाबों में आधी रात तक शराब बेचने और पिलाने का धंधा चल रहा है। पुलिस और आबकारी महकमे के संरक्षण में चल रहे इस अवैध कारोबार से लोगों में आक्रोश की स्थिति निर्मित हो रही है।

## प्राचार्य पदोन्नति में बी.एड की अनिवार्यता, युक्तियुक्तकरण रद्द करने जैसी मांग शामिल

# चार सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षक साझा मंच जिला और ब्लॉक इकाई के संयुक्त तत्वावधान में कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन और रैली का आयोजन किया गया। 16 जून से स्कूलों के पट खुल गए हैं और शिक्षकों ने भी अपने आंदोलन का दौर शुरू कर दिया है। अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षक साझा मंच ने धरना प्रदर्शन करते कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है।

धरना प्रदर्शन के दौरान शिक्षक साझा मंच ने सभी एलबी शिक्षकों को क्रमन्नति वेतनमान का लाभ देने, प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा की गणना कर समस्त लाभ और पेंशन देने, प्राचार्य पदोन्नति में बीएड की अनिवार्यता शिथिल करने और युक्तियुक्तकारण को निरस्त अथवा संशोधित करने की मांग रखी है। कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करते शिक्षक साझा मंच ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते अपनी आवाज बुलंद की। इस दौरान मंच के विभिन्न पदाधिकारी ने धरना प्रदर्शन को संबोधित करते प्रदेश सरकार से अपनी मांगे पूरी करने अपील की।



### युक्तियुक्तकरण का विरोध

प्रदर्शन के दौरान शिक्षक साझा मंच के पदाधिकारी ने कहा कि युक्तियुक्तकरण में वर्ष 2008 के सेटअप का पालन नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि कई शिक्षकों को 70- 80 किलोमीटर दूर तक पदस्थ कर दिया, जिससे शिक्षक कठिनाई के दौर से गुजर रहे हैं। शासन से युक्तिकरण को निरस्त करने की मांग की है। वहीं शिक्षकों ने कहा है कि प्रदेश के सभी पात्र शिक्षक एलबी संवर्ग के लिए एरियर्स सहित क्रमोन्नत वेतनमान भुगतान हेतु जनरल ऑर्डर जारी किया जाए।

### प्राचार्य के पदों को भरने की मांग

धरना प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों ने पूर्व की भांति शिक्षक से व्याख्याता एवं व्याख्याता से प्राचार्य पदोन्नति के लिए बीएड प्रशिक्षण की अनिवार्यता शिथिल कर डीएड प्रशिक्षित शिक्षक संवर्ग को भी पदोन्नति हेतु अवसर प्रदान करने के साथ ही प्राचार्य के 10 प्रतिशत पदों को विभागीय परीक्षा लेकर तत्काल भरने मांग रखी है। चार प्रमुख मांगों को लेकर शिक्षक साझा मंच द्वारा आयोजित किए गए इस धरना प्रदर्शन में शिक्षकों की भीड़ नजर नहीं आई। जिला और ब्लॉक इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रदर्शन में गिनती के ही शिक्षक शामिल हुए।

## एक जुलाई से बदल गया रेलवे में सफर की टिकटों के दाम

# दिल्ली-मुम्बई जैसे शहरों के सफर का बढ़ा किराया 500 किमी से कम यात्रा के लिए कोई इजाफा नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



भारतीय रेल मंत्रालय ने 1 जुलाई 2025 से यात्री ट्रेन सेवाओं के लिए किराये दर में वृद्धि की है। रेल टिकट में गंतव्य के लिए एक पैसा और दो पैसा किमी की दर से किराया बढ़ाया गया है। रेलवे द्वारा किराया बढ़ाने के साथ ही आम लोगों को राहत देने का भी प्रयास दिखाई देता है। रेल किराये की नई दर में साधारण श्रेणी में 500 किलोमीटर तक कोई वृद्धि नहीं की गई है। वहीं 501 से 1500 किलोमीटर की दूरी के लिए 5 रुपए और 2500 किलोमीटर तक की दूरी के लिए 10 रुपए और 2501 से 3000 किलोमीटर की दूरी के लिए 15 रुपए का किराया बढ़ाया गया है।

**आधे से लेकर दो पैसे तक की वृद्धि :** साधारण गैर-एसी क्लास की ट्रेन में प्रथम, द्वितीय, स्लीपर श्रेणी में 501 किलोमीटर से प्रति किलोमीटर आधा पैसा किराया बढ़ाया गया है।

इसके अलावा मेल, एक्सप्रेस गाड़ियों में गैर-एसी के लिए प्रथम, द्वितीय श्रेणी और स्लीपर श्रेणी में प्रति किलोमीटर 01 पैसे की वृद्धि की गई है। वहीं एसी क्लास में एसी चेयर कार, एसी 3-टियर, 3-इकोनॉमी, एसी 2-टियर और एसी फर्स्ट, एग्जीक्यूटिव क्लास में 2 पैसे प्रति किलोमीटर की वृद्धि की गई है।

### स्टेशन में किराया डिस्प्ले होगा अपडेट

यात्री किराये की बढ़ी हुई दर 1 जुलाई 2025 को या उसके बाद बुक किए गए टिकटों पर लागू होगा। इस तिथि से पहले जारी किए गए टिकट बिना किसी किराया समायोजन के मौजूदा किराये पर वैध रहेंगे। इसके लिए रेल मंत्रालय ने संशोधित किराया संरचना के सुचारू कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए सभी क्षेत्रीय रेलवे को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। क्षेत्रीय रेलवे को सभी स्टेशनों पर किराया डिस्प्ले अपडेट करने का भी निर्देश दिया गया है।

### एक्सप्रेस ट्रेनों में किराया संशोधन

किराया संशोधन राजधानी, शताब्दी, दुरंतो, वंदे भारत, तेजस, हमसफर, अमृत भारत जैसी प्रीमियर और विशेष ट्रेन सेवाओं पर भी लागू किया गया है। आरक्षण शुल्क, सुपरफास्ट अधिभार और अन्य शुल्क में परिर्वतन नहीं किया गया है।

# अवैध शराब के कारण बढ़ रहा अपराध कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर में अवैध शराब बिक्री और नशे की वजह से बढ़ते अपराधों के मामले को लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि आबकारी महकमे के संरक्षण में शहर में जगह-जगह अवैध शराब की बिक्री हो रही है। नशे की वजह से शहर का माहौल खराब हो रहा है। आपराधिक मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीते दिनों लखोली क्षेत्र में शराब के लिए रुपए मांगने पर युवक की हत्या हो गई। वहीं हाल ही में शराब के नशे में धुत एक सिपाही ने प्रधान आरक्षक के साथ मारपीट की। शहर में अवैध शराब बिक्री, चोरी, हत्या और लूटपाट जैसे बढ़ते अपराधों को लेकर कांग्रेस ने प्रदेश सरकार को घेरा है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि गृहमंत्री के प्रभार जिले में अपराध तेजी से बढ़ रहा है। सरकार अपराध पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है। इस अवसर पर संतोष पिल्ले, आसिफ अली, अमित चंद्रवंशी, पंकज बांधव, जीतू शर्मा, विवेक वासनिक, सतीश मसीह, बबलू कसार सहित कांग्रेस के अन्य कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद थे।

**नए दुकान नहीं खोलने की मांग :** नशे की वजह से बढ़ते अपराधों के मामले को देखते हुए कांग्रेस द्वारा कलेक्टर के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर अवैध शराब की बिक्री बंद कराने और नए प्रस्तावित शराब दुकान नहीं खोलने की मांग रखी है।

## खबर संक्षेप

### दो हजार कार्यकर्ता रायपुर जाएंगे सात को

**छुईखदान।** जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में आगामी सात जुलाई को रायपुर में होने वाले कार्यक्रम पर जिला प्रभारी पदम कोठारी के मुख्य आतिथ्य में विचार किया गया। बैठक में सात जुलाई को होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा बताया गया। आगामी सात जुलाई को कांग्रेस अध्यक्ष श्री खड़गे का आगमन हो रहा है जो साइंस कॉलेज मैदान पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। श्री कोठारी ने कहा कि जिले के कांग्रेस कार्यकर्ता हजारों की संख्या में रायपुर रैली में शामिल होंगे। बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे, नीलांबर वर्मा, मोतीलाल जंघेल, गिरवर जंघेल, रामकुमार पटेल, कोमल साहू, आकाशदीप सिंह, निलेंद्र शर्मा, सुनील पांडे, देवराज किशोर दास, हेमंत वैष्णव, सज्जाक खान, मोहम्मद खान, भीखम छाजेड़, रोहितसिंह, हिमाचल राजपूत, प्रकाश महोबिया, कमलेश यादव, आलोक यादव, किशुन मिर्चे, रामकुमार पटेल, दिनेश साहू, लक्ष्मण विश्वकर्मा सहित अन्य शामिल हुए।

### अफसरों और नेताओं के बीच हुआ विवाद

**डोंगरगढ़।** बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति द्वारा संचालित धर्मार्थ चिकित्सालय के डायग्नोस्टिक सेंटर और 40 करोड के कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान अधिकारी एवं भाजपा नेताओं के बीच विवाद होने की जानकारी मिली है।भाजपा मंडल के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की सूचना नहीं देने के अलावा बिना रूपरेखा के तैयारी पर नाराजगी जाहिर किया।बताया जाता है कि इस मामले के बाद अधिकारीयों ने स्थानिय संगठन से क्षमा मांगा है। इधर ट्रस्ट समिति ने प्रदेश और स्थानीय नेताओं को नजर अंदाज किए जाने पर कम अवधि में कार्यक्रम होने का हवाला देते नेताओं को मनाने की खबर मिली है।

### मनरेगा की राशि का दुरूपयोग

**डोंगरगढ़।** माड़ीतराई में राशि के दुरुपयोग की शिकायत मिली है। ग्राम के सुमनलाल वर्मा ने बताया कि रोजगार गारंटी योजना के तहत नाला सफाई किया जाना था। यह काम दो सप्ताह चला। रोजगार सहायक द्वारा सरपंच के साथ मिलकर मनमानी तरीके से कार्य कराया गया। उन्होंने बताया कि नाले की नाप कर सफाई कराना था किन्तु उनकी निजी भूमि में सफाई के नाम पर गड्ढा खोदकर नाले से मिला दिया गया। प्रार्थी द्वारा पंचायत में शिकायत करने पर उन्हें धमकाकर चुप करा दिया गया। प्रार्थी ने जनपद पंचायत में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में सचिव धीरेन्द्र धरमगुडे ने बताया कि राशि का उपयोग निजी भूमि पर नहीं किया गया है। जोआरोप लगाया है वह निराधार है।

### रेलवे कर्मियों ने किया पौधरोपण



**डोंगरगढ़।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे संस्थान डोंगरगढ़ में रविवार को पौधरोपण किया गया। रेलवे कर्मचारी की महिलाओं एवं शक्ति वाहिनी महिलाओं ने पौधरोपण में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रेलवे इंस्टिट्यूट के सचिव एस वेंकट स्वामी ने बताया कि रेलवे समुदायिक भवन में भी पौधे लगाए गए।

### वर्षा पूर्व नहर की सफाई नहीं


**सड़क अतरिया।** बारिश शुरू होने के पहले क्षेत्र नहरों की सफाई नहीं हो पाई है। क्षेत्र की नहरों में मलबा, कुड़ा, कचरा और टहनियां भरी पड़ी है जिससे आने वाले दिनों किसानों को पानी उपलब्ध कराने में समस्या खड़ी हो सकती है। नहरों के कुछ पुल में कचरा पटा होने के कारण पानी निकासी की जगह बंद हो गई है जिससे पानी जाम होने की आशंका है। पानी के खेत की ओर रूख करने से फसल बर्बाद होने की आशंका है। जानकारी अनुसार कुछ बेपरवाह किसान खेत का अपशिष्ट पदार्थ एवं पेडों की टहनियों को नहरों में डाल देते हैं। जिससे अन्य किसानों को समस्या का सामना करना पड़ता है। विभाग द्वारा किसानों को नहर में अनोपयोगि पदार्थ को डालने से मना किया जाता है पर कुछ किसानों द्वारा लापरवाही किया जाता है जिसका खामियाजा अन्य किसानों को भुगतना पड़ता है।

### निजी स्कूलों में नहीं पहुंची किताबें

**सड़क अतरिया।** शिक्षा सत्र शुरू होने के पखवाड़े भर बाद भी निजी विद्यालयों में निःशुल्क पुस्तकें नहीं पहुंची है। किताबों के नहीं मिलने से विद्यालयों में अध्ययन शुरू नही हो पाया है। जानकारी अनुसार सरकारी स्कूलों के छात्रों को पुस्तक, गणवेश मिल गई है पर संकुल में संचालित निजी विद्यालयों में वितरण के लिए अब तक पुस्तक नहीं पहुंची है। विभाग से पुस्तक आने पर वितरण की बात कहां जा रहा है। जानकारी लेने पर पता चला कि कुछ स्कूल बीते साल की पुस्तक से अध्ययन करारा रहे है तो कही पुस्तक के आभाव में व्याकरण एवं सामान्य एवं अनिवार्य जानकारी दिया जा रहा है। स्कूल खुलने के पखवाड़े भर बाद भी निजी विद्यालय के छात्रों को पुस्तक नहीं मिलने से अध्यापन कार्य पटरी पर नहीं आ पा रहा है। निजी विद्यालय के संचालक पुस्तक के लिए संकुल एवं विकासखंड से लगातार संपर्क बनाए हुए हैं।

### दो साल से शाला भवन अधूरा

**डोंगरगढ़।** कारूटोला का स्कूल भवन के जर्जर होने के बाद 27 जून 2023 को नए निर्माण की स्वीकृति मिली थी। निर्माणाधीन भवन अब तक पूरा नहीं हो पाया है। इंजीनियर, सचिव, पूर्व सरपंच की लापरवाही से निर्माण को अधूरा छोड़ दिया गया है। छत जर्जर होने के बाद भी बच्चे पुराने भवन में बैठकर पढ़ाई करते है। जानकारी के अनुसार 10 लाख 60 हजार की स्वीकृति पर 6 लाख 36 हजार देने के बाद भी दो साल में निर्माण पूरा नहीं हुआ है। निर्माण में लगातार विलंब होने के बाद भी जिम्मेदार इसे पूरा कराने में रूचि नहीं दिखा रहे हैं।



### अतिथियों ने किया बच्चों का स्वागत

**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में प्रवेशोत्सव उल्लास पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में किशोरी साहू, रमेश सोनवानी, दुलारी देवांगन, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष टुमन साहू, शिव कुमार धरमगुडे, जागेश्वर, उत्तम साहू, सरपंच दीप्ति साहू, पुरुषोत्तम उर्वशा, रिखीराम साहू, पुरुषोत्तम वासनिक, इंद्राणी हिरवानी, ममता साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों ने मां सरस्वती की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जलित किया। नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर मुंह मीठा कराया गया। सभी विद्यार्थियों को पुस्तक प्रदान किया गया। इस अवसर पर अतिथि ने अनुशासन का महत्व बताते हुए छात्र-छात्राओं को पालन करने कहा। अंत में आभार प्रदर्शन प्राचार्य आरके देवांगन एवं संचालन अजय पाठक ने किया। इस दौरान चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, हेपशिबा एंथोनी, हर्षा देवांगन, रीना बोरकर, भागवत साहू, महेश रावटे, वेदप्रकाश साहू आदि उपस्थित थे।



## बोनी के पहले तक सोसायटियों में नहीं पहुंची पर्याप्त खाद

# खाद की किल्लत से किसान नाराज, कांग्रेस ने दिया धरना



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

खाद बीज की किल्लत को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के निर्देश पर जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा के नेतृत्व में सोसाइटी चलो किसान ला खाद देवाबो अभियान के तहत कांग्रेसजनों ने खुर्सीपार, रुवातला कसारी सोसायटी पहुंचकर प्रदर्शन किया। बताया जाता है कि इन सोसायटियों में अब तक एक-एक ट्रक डीएपी खाद आईहै जिससे किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिली है।कांग्रेस के प्रदर्शन की खबर पाकर कसारी सोसायटी के लगभग 500 किसान पहुंच थे। उन्होंने खाद दिलाने का आग्रह किया।किसानों ने कहा कि एक-दो दिन में खाद नहीं मिलती है तो वह कांग्रेस के साथ धरने देने तैयार हैं।

### धरने पर बैठे किसान और कांग्रेसी

किसानों की जरूरत को देखते हुए श्री यादव ने डीएमओ हिना खान, श्री मिश्रा से समिति में खाद भेजने कहा। अधिकारियों ने एक दो दिन में खाद भेजने का आश्वासन दिया। इस मौके पर जनपद सदस्य मनहरन सिन्हा, किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष जयचंद ठाकुर, पंचराम चंदेल, बनऊराम जोशी, होमदत्त वर्मा, मोतीराम वर्मा, सूरज कौशल, गोकुल वर्मा, आशा मंडावी, टीकम सिन्हा, सेवक साहू, दिलीप वर्मा, हुमन कोर्राम, तोरण वर्मा, धरमचंद, कृष्णाराम, तीजूराम सिन्हा, बिहारी ठाकुर, दुर्गा नेताम, दयालदास साहू, चंद्रकुमार निर्मलकर, प्रीतम साहू, नकुल साहू एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## विधायक बघेल भड़की सरकार पर



**घुमका।** खेती किसानी के सीजन में खाद बीज की समस्या को लेकर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल की अगुवाई में ब्लॉक कांग्रेस ने कृषक सेवा सहकारी समिति के समक्ष प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और राज्यपाल के नाम तहसीलदार मुकेश ठाकुर को ज्ञापन सौंपा।

सोमवार को विधायक श्रीमती बघेल ब्लॉक अध्यक्ष रतन यादव, पंकज बांधव, पीयूष दुबे, गौरव शर्मा, खेमचंद वर्मा, टीकम यदु, धन्ना यादव, कैलाश शर्मा, छन्नू आडिल, जितेंद्र साहू, नारद वर्मा, पुसू वर्मा आदि सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पैदल कृषक सेवा सहकारी समिति पहुंचे। यहां राज्यपाल के नाम तहसीलदार मुकेश ठाकुर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में किसानों को खाद बीज उपलब्ध कराने की मांग की गई है। विधायक श्रीमती बघेल ने आरोप लगाया कि अपनों को लाभ पहुंचाने समिति में खाद बीज जानबूझ कर उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है ताकि किसान अधिक मूल्य में खाद बीज लेने मजबूर हो। उन्होंने कहा कि खाद बीज समय पर उपलब्ध नहीं किया गया तो आने वाले समय में कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी। पूर्व मंत्री धनेश पटिला ने भाजपा सरकार फेल बताते हुए कहा कि सोसायटी में खाद नहीं जबकि किसानों को सर्वाधित जरूरत है।

### हास्पिटल का लिया जायजा

प्रदर्शन से पहले विधायक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मरीजों से मुलाक़ात की हालचाल पूछा। उन्होंने बीएमओ नंदकिशोर टंडन से चर्चा की। इस पता चला कि सोमवार को जीवन दीप समिति की बैठक सुनिश्चित थन्जिसे यह कह कर स्थगित कर दिया गया कि मनोनीत सदस्यों की सूची नहीं मिली है। इस आशय की जानकारी पर विधायक ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि समिति की बैठक दो वर्षो से नहीं हुई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की हालत को देखते हुए बैठक होना आवश्यक है। विधायक बघेल ने स्वामी आत्मानंद स्कूल पहुंचकर कक्षाओं का निरीक्षण किया और छात्र छात्राओं से समस्याओं की जानकारी ली।

## कलेक्टर ने सराहा बच्चों का प्रदर्शन

**गंडई पंडरिया।** कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने मुंडाटोला स्थित प्राथमिक शाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्रों की उपस्थिति, शिक्षकों की स्थिति, गणवेश और पाठ्यपुस्तकों के वितरण की जानकारी ली। समय-पालन की भी जांच की। विद्यालय के शिक्षक भिखेंद्र कुमार जंघेल ने कलेक्टर को बताया कि प्रधान पाठक पूरक परीक्षा ड्यूटी पर हैं। शाला के 68 में से 66 छात्र उपस्थित थे, जिसे कलेक्टर ने संतोषजनक पाया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर चंद्रवाल ने पाँचवीं के छात्र प्रियांशु मेरावी को 8 का पहाड़ा सुनाने को कहा जिसे बिना अटके सुनाया, जिससे प्रभावित होकर कलेक्टर ने ताली बजाकर उसकी सराहना की। वहीं कक्षा चौथी की भोजकुमारी धुर्वे ने हिंदी अभ्यास पुस्तिका में स्वयं और पालकों से संबंधित प्रश्नों के सही उत्तर भरे थे, जिसे देखकर कलेक्टर ने उसकी भी प्रशंसा की। कलेक्टर ने विद्यालय की दीवारों पर बनी रंग-बिरंगी चित्रकारी की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी पहल से विद्यालय का वातावरण प्रेरणादायक बनता है। उन्होंने स्कूल परिसर और शौचालयों में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए।



### अब मुरमुंदा में दिखा भालू

**मुरमुंदा।** मंगलवार को सुबह ग्राम में भालू देखा गया। इस आशय की जानकारी मिलने के बाद भालू को देखने ग्रामीणों की भीड़ उमड़ गई। कुछ दिन पहले कुरुभाट में भालू देखा गया था जिसे ग्रामीणों की मदद से भगाया गया था। अब मंगलवार को मुरमुंदा में भालू देखा गया जिसके बाद से खेत में काम करने वाले लोगों में डर का माहौल बना हुआ है।



## ट्रस्ट के खर्चे पर सरकारी कामों का हुआ लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मां बम्लेश्वरी धर्मार्थ चिकित्सालय के डायग्नोस्टिक सेंटर के साथ विभिन्न सरकारी कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन कराया जाना चर्चा का विषय बना हुआ है। उल्लेखनीय है कि आगामी ट्रस्ट चुनाव की तारीख तय करने के दो दिन पूर्व आनन फानन में ट्रस्ट समिति के डायग्नोस्टिक सेंटर का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, सांसद संतोश पांडे सहित अन्य शामिल हुए थे। ट्रस्ट समिति ने इस कार्यक्रम में लाखों रूपए खर्च किया जबकि इस दौरान ब्रिज निगम, लोक निर्माण विभाग सहित अन्य विभाग के लगभग 40 करोड़ के कामों का भी लोकार्पण भूमिपूजन किया गया। ट्रस्ट समिति द्वारा आयोजन में खर्च की गई राषि को लेकर शहर में चर्चा का दौर शुरू हो गया है। लोगों का कहना है कि आगामी चुनाव में लाभ के लिए यह आयोजन किया गया था। ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि खर्च राशि को लेकर बात चल रही है।

- लोगों के बीच चर्चा का विषय बना आयोजन

### बिना टेंडर के भूमिपूजन

बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के कार्यक्रम में 40 करोड़ के निर्माण कार्य का लोकार्पण- भूमिपूजन किया गया है जिसमें परिक्रमा पथ भी शामिल है। अधिकारियों ने धूल झोंकते हुए बिना टेंडर प्रकिया के ही भूमिपूजन करा दिया है। चर्चा है कि ट्रस्ट समिति के इस आयोजन को बड़ा दिखाने के चक्कर में इसे भी शामिल कर दिया गया था।

## पर्यावरण जागरूकता की बनी रणनीति

### बैठक में पर्यावरण संरक्षण के रखे सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और भावी पीढ़ी को इस मुद्दे से जोड़ने के लिए रेस्ट हाउस गंडई में पर्यावरण प्रेमियों की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान पर्यावरण पाम्पलेट का विमोचन किया गया। इस बैठक का आयोजन मिनिस्ट्री ऑफ पर्यावरण फारेस्ट एवं मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय छात्र पर्यावरण प्रतियोगिता के तहत किया गया था।

बैठक को संबोधित करते हुए राजनांदगांव के पर्यावरण संरक्षण गतिविधि विभाग के संयोजक मनोहर चंदेल ने पर्यावरण की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति के जीवनयापन के लिए 422 पेड़ों की आवश्यकता होती है, जबकि आज प्रति व्यक्ति मात्र 28 पेड़ बचे हैं।श्री चंदेल ने मानव जीवन को बेहतर बनाने के लिए स्व के भाव पर जोर दिया। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध पर बल दिया।



### अधिक से अधिक पौधे रोपने का आह्वान

श्री चंदेल ने सभी लोगों से पौधे लगाने, पानी बचाने और पर्यावरण को पॉलिथीन मुक्त बनाने का आह्वान किया। पॉलिथीन का फैलाव रोकने के लिए उन्होंने एक उपाय सुझाते हुए बताया कि खाली पानी की बोतलों में झिल्लियों को भरने की आदत डाले और फिर उन्हें कचरा संग्रहण करने वालों को सौंप दे। ऐसा करने से प्लास्टिक प्रदूषण कम होगा और झिल्लियों की रिसाइक्लिंग होगी। अंत में मित्रम ऐप डाउनलोड कराया गया। बैठक में राकेश ठाकुर, राकेश ताम्रकर, राजेश मेहता, खम्हन ताम्रकर, जीवनदास रात्रे, अनिल अग्रवाल, विक्की अग्रवाल, विक्की कुर्रे, राकेश निषाद, सुमन पाटले, टुमन साहू, अशोक देवांगन, रवि भावनानी, रामा साहू, कविदास साहू, गोकुल, देवेंद्र सहित अन्य शामिल हुए।

### स्पर्धा 21 अगस्त तक

श्री चंदेल ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने के लिए प्रतियोगिता रखा गया है जिसका नाम सोशल पर्यावरण प्रतियोगिता है। इसमें विजेता को प्रमाण पत्र और उपहार दिया जाएगा। प्रतियोगिता एक जुलाई से 21 अगस्त तक चलेगी। परिणाम 30 अगस्त को घोषित किए जाएगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों को इको मित्रम ऐप डाउनलोड करना होगा। यह प्रतियोगिता पांच स्तरों पर होगी जिसमे कक्षा पहली से पांचवीं, छठी से आठवीं, नौवीं से बारहवीं, फर्स्ट ईयर से फाइनल ईयर तक और अन्य श्रेणी शामिल है। प्रत्येक स्तर में पर्यावरण से संबंधित 20 प्रश्न पूछे जाएंगे।

## श्रद्धा से चन्द्रगिरी में मनाया गया दीक्षा दिवस

# गुरु की कसौटी में खरे उतरे आचार्य विद्यासागर, संघ को बनाया गुरुकुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

राज्य के पहले जैन तीर्थ चन्द्रगिरि में श्रवण संस्कृति के उन्नायक और जैनाचार्य 108 आचार्य विद्यासागर महाराज का 58 वा मुनि दीक्षा स्मृति महोत्सव एवं 105 आर्यिका रत्न आदर्शमति माता का ३४ वाँ आर्यिका दीक्षा दिवस श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया।

आयोजन के क्रम में सुबह भगवान का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन, आरती की गई। तत्पश्चात 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के चरण चिन्ह का प्रक्षाल कर मनोहारी अष्ट द्रव्य से सामूहिक पूजन एवं मंगल आरती की गई। श्री दिगम्बर जैन समाज ने जुलूस निकाल कर नगर भ्रमण किया जिसमे सभी वर्ग के लोग रिमझिम बारिश के बीच गुरु के प्रति अपनी भक्ति प्रस्तुत करते हुए भजन, नृत्य, जयकारा के साथ शामिल हुए।पुरुष एवं महिलाओं की टीम ने संगीतमय भजन प्रस्तुत किया गया।बाल मंडल ने मिलेट्री ड्रेस में बैंड, ड्रम के साथ जुलूस में शामिल होकर शोभा



### सामाजिकजनों की रही मौजूदगी

कार्यक्रम में चंद्रगिरि के अध्यक्ष सिंघई किशोर जैन, सुभाषचंद जैन, निर्मल जैन, राजकुमार जैन, अनिल जैन, जयकुमार जैन, सुरेशचंद जैन, राजेन्द्र जैन, प्रदीप जैन, नितिन जैन, निशांत जैन, राजेन्द्र जैन, सुशील जैन, सुनील जैन, राहुल जैन, निखिल जैन, सोपान जैन, अमित जैन, दीपेश जैन, नरेश जैन, सप्रेम जैन मौजूद थे।

### पांच एकड़ में बनेगा समाधि स्मारक

आचार्य श्री के समाधि स्थल पर श्री चरणों का प्रक्षाल कर पूजन एवं आरती की गई। प्रतिभास्थल की छात्राओं ने नाटक एवं नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति दी।डोंगरगांव, राजनांदगांव, दुर्ग, भिलाई, रायपुर महिला मंडल ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दिया। इंदौर के मोनल जैन ने प्रस्तावित समाधि स्मारक का ऑडियो- विडियो प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने बताया कि समाधि स्मारक लगभग 5 एकड़ भूमि पर बनेगा, जिसमे जैन म्युजियम, म्यूजिकल फाउंटेन, आचार्य श्री की फोर डी होलोग्राम से निर्मित वर्चुअल प्रतिमा दिखेगी और एआई द्वारा उनके प्रवचनों के संकलन से उपस्थित जन उनसे जो भी सवाल करेगा उसका जवाब वहां मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस टेक्नोलॉजी का देश में पहली बार प्रयोग किया जा रहा है।

### भरोसा में खरे उतरे आचार्यश्री

105 आर्यिका आदर्शमति माता ने प्रवचन में बताया कि आचार्य विद्यासागर महाराज को 30 जून १९६८ को आचार्य ज्ञानसागर महाराज ने अजमेर में मुनि दीक्षा दिया था। दीक्षा के पूर्व कुछ विद्वानों को इस बात पर आपत्ति थी कि कम उम्र में मुनि दीक्षा दिया था किन्तु आचार्य ज्ञानसागर को अपने शिष्य पर विश्वास था कि वह मुनि धर्म को उत्कृष्ट साधना और संयम के साथ निभाएगा।उन्होंने बाल ब्रह्मचारी विद्याधर को मुनि दीक्षा देकर नया इतिहास रचा था। आचार्य श्री ने संघ को गुरुकुल बनाया और अपने मूलगुणों का शास्त्रों में वर्णित अक्षरसः पालन किया।

## ग्रामीणों को मिला योजनाओं का लाभ



**छुईखदान/ गंडई पंडरिया।** धरती आबा जनभागीदारी अभियान के तहत मुंडाटोला में शिविर का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य अनुसूचित जनजाति वर्ग के उन व्यक्तियों और समुदायों को विभिन्न सेवाओं और योजनाओं का लाभ दिलाना था, जो पात्र होने के बावजूद वंचित थे।

आयोजित शिविर में स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग, पंचायत विभाग सहित अन्य विभागों ने स्टॉल लगाए थे। शिविर में ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच किया गया और आयुष्मान कार्ड बनाया गया। शिविर के दौरान आयुष्मान भारत योजना के तहत 32 लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा कार्ड, 10 लोगों को आधार कार्ड, 2 लोगों को उज्जवला योजना, 1 को दिव्यांग पेंशन, 3 को मातृत्व वंदना योजना, 6 को जाति प्रमाण पत्र, 6 को राशन कार्ड, 6 को निवास प्रमाण पत्र, 6 को आय प्रमाण पत्र, 4 को मनरेगा कार्ड और 8 हितग्राहियों को श्रम कार्ड का लाभ प्रदान किया गया। शिविर में कुल 84 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका मौके पर परीक्षण कर निराकरण किया गया।

अन्य विभागों ने योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान ग्रामीणों ने मांगों से संबंधित आवेदन सौंपे।

शिविर को संबोधित करते हुए कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने बताया कि यह धरती आबा अभियान का अंतिम चरण था। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस अभियान के तहत उन गांवों में शिविर आयोजित किए गए, जहां की जनसंख्या में 50 प्रतिशत या उससे अधिक आदिवासी समुदाय के लोग हैं। इन शिविरों का एकमात्र उद्देश्य उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना था। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल, जनपद सीईओ, जनपद सदस्य रवि पटेल, सरपंच शंकर गंधर्व, उपसरपंच अनुज पोर्ते सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारीगण मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### लोगों ने सुना मन की बात

**डोंगरगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को पार्षद, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं महिलाओं ने देखा और सुना। पीएम मोदी ने लोगों को एकजुट रहकर विकास में भागीदारी बनने का संदेश दिया।

### खमतराई में रक्तदान शिविर, 72 ने किया रक्तदान

**खैरागढ़।** रथ यात्रा के पावन अवसर पर छात्र युवा मंच और ग्रामवासियों के सहयोग से ब्लॉक के ग्राम खमतराई में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। छात्र युवा मंच के 115 वें रक्तदान शिविर में छात्रों, शिक्षकों, ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। शिविर में 72 लोगों ने रक्तदान कर अपनी मानवता और दानशीलता का परिचय दिया। बालाजी ब्लड बैंक की देखरेख में रक्तदान प्रक्रिया पूरी की गई। रक्तदान करने से पहले सभी रक्तदाताओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें रक्तचाप, हीमोग्लोबिन स्तर सहित अन्य आवश्यक प्रक्रिया पूरी की गई। शिविर के प्रेरणास्त्रोत पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिपं सदस्य दिनेश वर्मा, ग्राम प्रमुख भूखन जंघेल, भाजपा नेता गोरेलाल वर्मा, हर्षवर्धन वर्मा, छात्र युवा मंच संयोजक रक्तवीर नागेश यदु, मदन साहू व डॉ. शरद वैष्णव सहित अन्य उपस्थित रहे। आयोजन के मार्गदर्शक के रूप में दिलीपपुर पंचायत सरपंच देवकी वर्मा, उपसरपंच राजेश जंघेल, राधेश्याम जंघेल व्याख्याता, सुभाष गहरवार, संदीप जंघेल, सुमित यादव, पंकज वर्मा, सत्यम जंघेल व आदित्य जंघेल का विशेष सहयोग रहा। रक्तदान की इस अमूल्य पहल को जन जन में विस्तारित करने का लक्ष्य को लेकर आयोजन को खमतराई में करने का सफल प्रयास करने में छात्र युवा मंच के शहर अध्यक्ष साहिल जंघेल, महामंत्री आदर्श यादव, जिला प्रमुख खेमचंद साहू व प्रदेश मंत्री योगेश जंघेल का विशेष प्रयास रहा।



### वनांचल शिक्षा न्यास की तीन दिवसीय शिविर

**खैरागढ़।** वनांचल शिक्षा सेवा न्यास द्वारा संचालित सरस्वती शिक्षा केंद्र के नए पुराने आचार्यों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का समापन संस्थान के जिला प्रतिनिधि व आरएसएस के पर्यावरण प्रमुख मनोहर चंदेल के मुख्य आतिथ्य व जनजाति क्षेत्र की शिक्षा विभाग के जिला समन्वयक श्रीराम यादव की अध्यक्षता और केशव राव लांजी, नगर शारीरिक प्रमुख भूपेंद्र गंगबोईर, नगर संयोजक धर्म जागरण निक्कू श्रीवास के विशिष्ट आतिथ्य मे हुआ। शिविर समापन दौरान मुख्य अतिथि मनोहर चंदेल ने कहा कि जीवन मे शिक्षा का विशेष महत्व है। मनुष्य जीवन भर सीखता है। सीख कर ज्ञान बांटना चाहिए। विद्याधर से बड़ा कोई धन नही है। उन्होने पर्यावरण पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने कहा कि हमे पौधे रोपकर उनके पेड़ बनते तक सरंक्षण संवर्धन का प्रयास करना होगा। घर उपयोग किए पॉलीथिन को प्लास्टिक बॉटल में भरकर इको बिक्स बनाना चाहिए। जल बना नही सकते मगर इनको आने वाली पीढ़ी के लिए सहेजकर रख सकते है। अध्यक्षीय संबोधन मे श्रीराम यादव ने कहा कि बालक का सर्वागीण विकास की बात पांच कोष अन्नमय कोष, प्राणमय कोष,मनोमय कोष, विज्ञानमय कोष और आनंदमय कोष के माध्यम से करना है। व्यक्तित्व विकास के लिए प्रशिक्षण वर्ग अति आवश्यक है इस प्रकार प्रशिक्षण का मतलब यह है कि जिस प्रकार कांसे के बर्तन को जितना मांजा जाय अर्थात जितना साफ किया जाए उतना ही चमकता है वैसे ही प्रशिक्षण से हमारे अंदर एक नई ऊर्जा का संचार होता हैं और हम समाज के लिए चमकते हुए काम करते है। आभार प्रदर्शन रोशन जंघेल ने किया। इस दौरान खेमन वर्मा, रितेश सिन्हा सहित शिविरार्थी आचार्य दीदी उपस्थित थे।



### मयंक ने की नीट परीक्षा पास

**राजनांदगांव।** छुरिया निवासी मयंक साहू ने नीट की परीक्षा में 720/601 अंक प्राप्त कर जी मेन्स में 99.19 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नीट क्लीयर किया। जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव ने सोमवार को उनके निवास में पहुंचकर उन्हें व उनके माता-पिता को शुभकामनाएं दी। श्रीमती वैष्णव ने बताया कि मयंक भारत में 1279 रैंक प्राप्त किया है, जो राजनांदगांव जिला व गांव के लिए गौरव का क्षण है। मयंक 11वीं-12वीं का अध्ययन करते नीट की परीक्षा पास की है। साथ ही 12वीं में भी 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। मयंक राजस्थान के कोटा में रहकर शिक्षा अध्ययन कर नीट की परीक्षा क्लीयर कर सभी को गौरवान्वित किया है। मयंक ने इस सफलता के लिए अपने माता-पिता को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मेरे माता-पिता का आशीर्वाद व सहयोग के कारण आज मुझे सफलता प्राप्त हुआ है।



# ट्रैफिक पुलिस से गुस्साए भाजपा जिला मंत्री ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

यातायात नियमो के पालन को लेकर सडक़ पर उतरी पुलिस की कार्यशैली को लेकर भाजपा जिला मंत्री शशांक ताम्रकार ने नाराजगी जाहिर करते हुए एसपी सहित अन्य पुलिस अधिकारियो से शिकायत की है।

इससे पहले दोपहर को यातायात पुलिस की कारवाई पर नाराजगी जाहिर करते हुए शशांक ताम्रकार ने सडक़ पर धरना दे दिया था। उनकी नाराजगी इस बात को लेकर थी कि पुलिस का रवैया महिलाओ को लेकर असंवेदनशील है। बिना महिला जवान को साथ लिए यातायात पुलिस चालानी कारवाई करती है इस दौरान महिलाओ से युवा लड़कियो को लेकर अमर्यादित हो जाती है। नाराज शशांक ताम्रकार की प्रभारी शक्ति सिंह के साथ इसी बात को लेकर बहस हुई और वो काफी देर तक सडक़ पर बैइकर विरोध दर्ज कराते नजर आए। एसपी को प्रेषित आवेदन मे जिला मंत्री ने आरोप लगाया है कि यातायात पुलिस चालान के नाम पर असंगत व अनियंत्रित दंडात्मक कारवाई कर रही है। कई मामलों मे यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों से पांच पांच सौ रुपये चालान वसूला गया लेकिन चालान बुक पर तीन तीन सौ रूपए अंकित किया गया है। यातायात पुलिस चालान कार्रवाई करने मे व्यस्त है जबकि आज भी शहर के अंदरूनी हिस्सो मे तेज रफ्तार बाइकर्स उन्हे खुलेआम ठेंगा दिखा रहे है। बिना महिला जवान को साथ लिए पुलिस जिस वक्त महिलाओं को नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर चालानी कार्रवाई करती है उस समय उनका रवैया असहज,अमर्यादित हो जाता है। भीड़ के सामने महिलाओं व युवतियों को डांटा फटकारा जाता है और तेज आवाज मे बहसबाजी की जाती है।



### साथ रखे महिला पुलिस

भाजपा जिला मंत्री शशांक ताम्रकार ने कहा कि कानून का उल्लंघन करने पर डाराने धमकाने की वजह से महिलाओ की मर्यादा तार तार होती है और उन्हे भरे भीड़ मे लज्जित होना पड़ता है जो किसी भी स्थिति मे सभ्य समाज के लिए स्वीकार्य नही है। पुलिस की चालानी कारवाई से बचने या भागने के प्रयास मे कई लोग वाहन से गिरकर घायल हो चुके है इसलिए पुलिस को चिंहांकित जगहो पर ही की कारवाई करनी चाहिए ताकि सडक़ पर यातायात का दबाव ना पड़े। शशांक ताम्रकार ने कहा कि उनकी यह शिकायत चालान से बचने या पांच सौ रूपए बचाने के लिए नही किया गया बल्कि शहर के एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते महिला सम्मान को ध्यान मे रखते हुए किया गया है। उन्होने विभागीय अधिकारियो सहित विभाग प्रमुखो का पत्र लिखकर चालानी कार्रवाई के दौरान महिला जवान साथ रखने, महिलाओं के साथ सभ्यता से पेश आने की मांग की है।

### मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार चरम पर

# दो साल में तीसरी बार ढही गट्टेगहन-संबलपुर पुलिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मिल बांट के पचा लो जो अंश दान है की तर्ज पर बनाई गई प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी मानपुर विकासखंड के गट्टेगहन से संबलपुर होते हुए बुकमरका को जोड़ने वाली पुलिया एक बार फिर पहली ही बारिश में ढह गई है। पिछले दो वर्षों में यह तीसरी बार है जब यह पुलिया टूटी है, और हर बार प्रशासन ठेकेदार तथा संबंधित सब इंजीनियर को वर्धस्त देते हुए केवल रिपेयर का आश्वासन और खानापूर्ति ही कर रहे है।

उल्लेखनीय है कि नक्सलियों के राजधानी कहें जाने वाले बुकमरका तक पहुंच मार्ग के लिए यह पुलिया वर्ष 2023 में प्रधानमंत्री मंत्री सड़क योजना पर बनाई गई थी। ग्रामीणों ने कई वर्षों तक इसकी मांग की थी, लेकिन जब सड़क और पुलिया मिली, तो उन्हें यह अंदाजा नहीं था कि यह भ्रष्टाचार और लापरवाही का प्रतीक बन जाएगा।दो वर्ष के भीतर गट्टेगहन और संबलपुर के बीच यह पुलिया अब तीसरी बार ढह चुकी है इस रास्ते में पढ़ने वाले संबलपुर, सुडियाल,बुकमरका आदि गांवों के साथ साथ संबलपुर पुलिस कैंप मे तैनात पुलिस व आईटीबीपी के अफसर जवान फिर से मानपुर मुख्यालय से कट गये है। ग्रामीणों ने मांग की है कि सड़क पुलिया निर्माण की उच्चस्तरीय जांच कर दोषी ठेकेदार और इंजीनियर पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई तय की जाए।

### भ्रष्टाचार और लापरवाही उजागर



**अब गांवों का संपर्क टूटा, कैंप भी**

अलग-थलग-पुलिया के फिर से टूटने से बुकमरका, संबलपुर समेत आस-पास के गांवों का संपर्क मानपुर मुख्य से पूरी तरह टूट गया है। यही नहीं, आईटीबीपी का कैंप भी इस पुल के जरिए संपर्क में था, जो अब अलग-थलग पड़ गया है। स्थानीय लोग और जवान अब मुश्किलों का सामना कर रहे हैं।

### मरम्मत होगीः एसडीओ

इस मामले में पीएमजीएसवाय के एसडीओ विजय सोनी ने कहा कि पुल टूटने की जानकारी मिली है। अप्रोच कटा है, कल से डब्ल्यू एम एम भरकर तैयार किया जाएगा। पुलिया का एरिया सही है, भारी बाढ़ की वजह से अप्रोच कटा है। दो साल में तीन बार पुल टूटने पर खा की रिटेनिंग वाल के लिए मांग पत्र भेजा गया है, स्वीकृति आने पर इस समस्या से निजात मिल जाएगा।

### नेताओं ने दिए थे बयान, लेकिन कार्रवाई शून्य

बीते साल गृह मंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पाण्डेय और पूर्व विधायक संजीव शाह ने इस पुलिया पर भ्रष्टाचार को लेकर कड़ी कार्यवाही के बयान दिए थे, लेकिन अब तक किसी पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। इससे शासन की मंशा और प्रशासन की संवेदनहीनता पर बड़ा सवाल खड़ा होता है।

### घटिया निर्माण की फिर खुली पोल

प्रधानमंत्री सड़क योजना पर बनाई गई पुलिया का बार बार टूटना इस बात का पुख्ता सबूत है कि निर्माण में गंभीर अनियमितता और घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। ठेकेदार और इंजीनियर की मिलीभगत से बनाई गई यह पुलिया केवल दो सालों में तीन बार टूट चुकी है। ग्रामीणों के मुताबिक, पिछले साल भी पहली ही बारिश में यह पुलिया दो बार ढह गई थी।

### क्यों नहीं हुई कार्रवाई

प्रशासनिक अधिकारियों के मुताबिक पुलिया और सडक पांच साल की गारंटी अवधि में है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी निर्माण एजेंसी की होती है। इसके बावजूद न तो ठेकेदार पर कोई कार्रवाई दिखी है, न इंजीनियर पर। हरिभूमि ने पहले भी इस मामले को प्रमुखता से उठाया था, मगर जिला प्रशासन पूरी तरह से निष्क्रिय और भ्रष्ट कार्य एजेंसी के साथ खड़ा है नजर आ रहा है।

# अपराध और अपराधियों के खिलाफ लगातार कस रही पुलिस नकेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले मे शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था को लेकर एसपी लक्ष्य शर्मा के निर्देश पर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। आबकारी, मादक पदार्थो की खरीदी बिक्री, पशु क्रूरता, यातायात नियमों की अनदेखी, सार्वजनिक जगहो पर धूम्रपान जैसे मामलों मे कार्रवाई कर उन्हें न्यायिक प्रक्रिया मे लाया गया है। 23 से 29 जून की अवधि मे जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों मे आबकारी एक्ट तहत 36-च, 1 के 17 प्रकरण, 36-सी के 13 प्रकरण, 34-1 ब के 3 प्रकरण मिलाकर इस एक्ट तहत कुल 33 व्यक्तियों पर कानूनी कार्रवाई की गई है। गांजा बेचने की सूचना पर थाना गण्डई में 1 प्रकरण धारा 20 क दर्ज कर 100 ग्राम गांजा और थाना साल्हेवारा में 500 ग्राम गांजा कीमती 5 हजार व आरोपी के पास से 2 हजार 70 बरामद किया गया और दोनो मामले मे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। थाना छुईखदान अंतर्गत क्रूरता पूर्वक व्यवहार कर बिना चारा पानी दिए वाहन में अवैध रूप से 17 नग मवेशियों का परिवहन करते पाए जाने पर धारा 4, 6, 10 छग कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम धारा 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम और धारा 111 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर 8 आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। वही सार्वजनिक जगह पर धूम्रपान करते पाए जाने वाले 16 व्यक्तियों पर कारवाई कर कुल 32 सौ रुपए का अर्थदंड लगाया गया।

### 7 व्यक्तियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

जिले में प्रतिबंधात्मक कारवाई में धारा 170/126,135-3 के तहत 07 प्रकरण में 07 व्यक्तियों पर और धारा 126,135-3 के तहत 25 प्रकरण में 30 व्यक्तियों पर कारवाई की गयी। ऑपरेशन तलाश अभियान के तहत पूरे जिले में 1 जून से 29 जून 25 की अवधि में 52 गुम इंसानो को दस्तयाब किया गया। वही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालो पर एमवी एक्ट के तहत 154 प्रकरण जिसमे शराब पीकर वाहन चलाने के 6 और माल वाहनों मे यात्री परिवहन के 5 प्रकरण शामिल था उसे दर्ज किया गया वही लाइसेंस निलंबन का एक प्रकरण भेजा गया। इसमे 48 हजार 100 रुपए का समन शुल्क लगाया गया। अपराध पर नियंत्रण सहित जगन जागरूकता को लेकर यातायात पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान के माध्यम से जिले के सभी आम नागरिको को यातायात नियमो का पालन करने सक्त हिदायत देते हुए यातायात के सामान्य नियमो का कड़ाई से पालन करने अपील किया गया।

### किंशन का सैनिक स्कूल में चयन

**राजनांदगांव।** मोहला-मानपुर एवं अंबागढ़ चैकी जिले के मोहला विकासखण्ड के ग्राम मड़ियानवाड़वी के होनहार विद्यार्थी किंशन शोरी का शिक्षा सत्र 2025-26 में जवाहर नवोदय विद्यालय एवं सैनिक स्कूल में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयनित हुआ है। इस विद्यार्थी के जवाहर नवोदय विद्यालय एवं सैनिक स्कूल में चयन होने पर अंचल में हर्ष व्याप्त है। उल्लेखनीय है कि छात्र किंशन शोरी के पिता लखन शोरी पटवारी के पद पर अंबागढ़ चौकी तहसील के कौड़ीकसा हल्का में पदस्थ हैं।



# एशियन वॉलीबॉल में कप्तानी कर देश को दिलाया कांस्य पदक

**राजनांदगांव।** नगर के उभरते वॉलीबॉल खिलाड़ी महेंद्र ध्रुव ने अपने खेल को और भी अधिक धारदार करते बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली है। अंडर-19 एशियन वॉलीबॉल में महेंद्र ध्रुव के नेतृत्व में भारतीय टीम ने कांस्य पदक जीतकर देश को गौरशाली स्थान दिलाया है। तीसरे स्थान के लिए हुए मैच में भारत ने किर्गिस्तान की टीम को 3-1 के अंतर से हराकर कप पर अपना अधिकार कर लिया।

ताशकंद और उज़्बेकिस्तान के संयुक्त आयोजन में 10 से 16 जून तक अंडर-19 मेंस वॉलीबॉल चैंपियनशिप का आयोजन ताशकंद में किया गया। खिलाड़ी महेंद्र को उक्त चैम्पियनशिप के लिए भारतीय दल का कप्तान चुना गया। अपने शानदार खेल की बदौलत साथी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते महेंद्र ने अपनी टीम को पहली जीत किर्गिस्तान के खिलाफ 3-0 के शानदार अंतर दिलाया। अगले दौर में भारत का मुकाबला उज़्बेकिस्तान के साथ हुआ। इस मैच को भी महेंद्र की टीम ने आसानी से 3-1 के अंतर से जीत लिया। पूरे आत्मविश्वास के साथ खेलते भारत ने तीसरे स्थान के लिए भी किर्गिस्तान को हराकर कप अपने नाम कर लिया। टूर्नामेंट में भारत के अलावा उज़्बेकिस्तान की 2 टीमें, ईरान तथा किर्गिस्तान की टीमों ने हिस्सा लिया। महेंद्र की उक्त उपलब्धि पर जिला वॉलीबॉल संघ के पदाधिकारियों सहित उनकी माता संध्या ध्रुव, अंतर्राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी रेखा पदम ने उज्वल भविष्य की कामना की।



### जिला स्तरीय शतरंज स्पर्धा विवेकानंद स्कूल में आयोजित

# शतरंज चैंपियनशिप, अभिषेक और ट्विंकल विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राजा और वजीर के साथ हाथी, घोड़े और काले सफेद पैदल सेना की 64 घरों की चाल के पुरुष वर्ग मे अभिषेक वर्मा और महिला वर्ग मे टिंकल टांडेकर चैंपियन बनी। छग राज्य शतरंज संघ से मान्यता प्राप्त जिला संघ द्वारा विवेकानंद पब्लिक स्कूल मे आयोजित स्पर्धा का शुभारंभ सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह के मुख्य आतिथ्य, अध्यक्षता जिला भाजयुमो अध्यक्ष आयश सिंह बोनी ने की। विशिष्ट अतिथियो के रूप मे मंडल भाजपा महामंत्री ऋषभ सिंह बघेल, जिला शतरंज संघ दुर्ग अध्यक्ष ईश्वर सिंह, उत्तम दशरिया उपस्थित थे। प्रतियोगिता पांच राऊंड की हुई जिसमे 24 बालक व बालिकाओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि भागवत शरण सिंह ने कहा की जिला गठन के बाद यह जिला स्तरीय आयोजन काफी सराहनीय कदम है। सभी प्रतिभागियों को शुभकामना देते हुए खेल भावना से खेलने और सांसद प्रतिनिधि होने के नाते जिला शतरंज संघ को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। स्पर्धा का संचालन अनुराग तुरे ने किया। इस दौरान संघ के अध्यक्ष सद्दाम हुसैन, उपाध्यक्ष यतेंद्र जीत सिंह छोटू, सचिव राकी देवांगन, कोषाध्यक्ष शेख जाहिद सहित अन्य मौजूद थे।



### क्षमता का होता है विकास

प्रतियोगिता का समापन व पुरस्कार वितरण विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन के मुख्य आतिथ्य, नपा नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन की अध्यक्षता और जिला शतरंज संघ दुर्ग अध्यक्ष ईश्वर सिंह, नीलेश यादव के विशिष्ट आतिथ्य मे हुआ। मुख्य अतिथि मनराखन देवांगन ने विजेताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों में खेल के प्रति लगन और आत्मविश्वास बढ़ता हैं। शतरंज दिमाग को तेज और समस्या सुलझाने की क्षमता को निखारता है। इस खेल मे हर चाल सोच-समझकर चलनी होती है जिससे धैर्य विकसित होता है। खेल के नियम चालें और योजना याद रखनी होती हैं, जिससे मेमोरी तेज होती है।

### शतरंज की चाल जीवन में दूरदर्शिता सिखाती है

बोर्ड पर ध्यान केंद्रित रखने की आदत जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी काम आती है। शतरंज में आगे की कई चालों को सोचने की आदत जीवन में भी दूरदर्शिता सिखाती है। उन्होने कहा कि जीत की अनुभूति और सीखने की प्रक्रिया बच्चों और युवाओं में आत्मविश्वास को मजबूत बनाती है। स्पर्धा के पुरुष वर्ग मे प्रथम अभिषेक वर्मा, द्वितीय गीतव्य तुरे, तृतीय पंकज वर्मा, चतुर्थ आकाश गिरधर भगत, वरिष्ठ महिला वर्ग प्रथम टिंकल टांडेकर,अंडर-15 बालक वर्ग, प्रथम अरव यदु, द्वितीय जय जंघेल, तृतीय रुशील तुरे, चतुर्थ हेयास देवांगन, अंडर-15 बालिका वर्ग, प्रथम भाग्यश्री वर्मा, द्वितीय वर्णिका सिंह, तृतीय डॉली सिंह ठाकुर रही। प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों को मैडल व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। स्पर्धा के निर्णायक अनिल शर्मा दुर्ग, सह-निर्णायक सुरेश होता थे।

# ओबीसी महासभा ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

■ समाज हित को लेकर रखी मांग

ओबीसी समाज के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए शासन से ठोस पहल की मांग करते हुए ओबीसी महासभा ने संभाग अध्यक्ष विप्लव साहू के नेतृत्व में पीएम, सीएम सहित अनेक शीर्ष पदाधिकारियों के नाम 23 सूत्रीय ज्ञापन जिला कलेक्टर कार्यालय को सौंपा। महासभा ने राष्ट्रीय जनगणना में ओबीसी की गणना कराने, आबादी के अनुपात में आरक्षण देने और क्रीमीलेयर जैसी असंवैधानिक शर्तों को खत्म करने की पुरज़ोर मांग की। साथ ही 32 सालों से लंबित 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण लागू कर बैकलॉग नियुक्तियां जल्द करने ज़ोर दिया। श्री साहू ने कहा कि मंडल कमीशन की अनुशंसाओं को पूरी तरह लागू कर देशभर में ओबीसी आरक्षण को संविधान की नवमी अनुसूची में रखा जाए। उन्होंने प्रदेश के सभी तहसील मुख्यालयों में छात्रावास खोलने, स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने और बैंकलॉग पदों पर भर्ती कर बेरोजग़ारों को राहत देने की मांग भी की। महासभा ने शिक्षा विभाग के युक्तियुक्तकरण पर आपत्ति जताते हुए इसे निरस्त करने की मांग की साथ ही छात्रवृत्तियों की विसंगतियों को दूर कर अनुसूचित जाति-जनजाति की तर्ज़ पर ओबीसी छात्र छात्राओं को भी समान लाभ देने की वकालत की।



### स्कूलों में कृषि संकाय अनिवार्य करने की मांग

ज्ञापन में ओबीसी महासभा ने कहा कि छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान राज्य है, ऐसे में सभी हायर सेकेंडरी स्कूलों में कृषि संकाय अनिवार्य किया जाए। सामाजिक प्रास्थितिक ओबीसी प्रमाण पत्र की प्रक्रिया सरल बनाने और बजट में ओबीसी के लिए प्रावधान सुनिश्चित करने की भी मांग की गई।ओबीसी महासभा ने राज्य में अलग से पिछड़ा वर्ग विभाग बनाने एट्रोसिटी एक्ट का दायरा ओबीसी तक बढ़ाने और धान खरीदी 1 नवम्बर से शुरू करने का भी आग्रह किया। साथ ही आंध्र प्रदेश की तरह प्रशासनिक सेवाओं की भर्ती में साक्षात्कार समाप्त करने की मांग रखी। ज्ञापन में वन भूमि पर निवासरत ओबीसी परिवारों को पट्टा, संविदा कर्मचारियों को नियमित करने, बर्खास्त बीएड शिक्षकों का समायोजन, अंशकालीन स्वीपर को पूर्णकालिक करने और मध्यान्ह भोजन रसोइयों का मानदेय बढ़ाने जैसे मुद्दे भी शामिल रहे। अंत में महासभा ने कहा कि ओबीसी समाज को हक दिलाकर ही सच्चे अर्थों में समतामूलक समाज की स्थापना हो सकती है। इस दौरान महासभा के जिला अध्यक्ष किशोर निषाद, महासचिव भुवनेश्वर वर्मा, उपाध्यक्ष नीलेश यादव, गोलू साहू सहित महासभा के राष्ट्रीय कोर कमेटी के अन्य सदस्य मौजूद थे।

## सार समाचार

### राष्ट्रीय कवि संगम ने दुबे को दी श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव।** पद्मश्री डॉ. सुरेन्द्र दुबे के असामायिक निधन पर राष्ट्रीय कवि संगम जिला इकाई राजनांदगांव द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय कवि संगम राजनांदगांव के कवि व साहित्यकारों ने डॉ. सुरेन्द्र दुबे के निधन को देश व प्रदेश के लिए अपूरणीय क्षति बताया व उनकी उपलब्धियों का स्मरण करते कहा कि वे छत्तीसगढ़ ही नहीं अपितु भारत के गौरव थे। इस अवसर पर साहित्यकारों ने डॉ. दुबे के साहित्यिक योगदान का स्मरण किया व उनकी आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन धारण किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय कवि जिला राजनांदगांव के संरक्षक श्रीपद्म लोचन शर्मा, डॉ. शंकर मुनि राय, गिरीश ठक्कर, संयोजक मनोज शुक्ला, अध्यक्ष शैलेष गुप्ता, उपाध्यक्ष थंगेश्वर साहू, आत्माराम कोशा, अनुराग सक्सेना, तारिक ललानी, ओमप्रकाश साहू, लखन साहू, राजकुमार चौधरी, मानसिंह आदि कविगण एवं साहित्यकार उपस्थित थे।



### घरों में सोख्ता गड्ढा बनाने व पौधरोपण का चला अभियान

**राजनांदगांव।** जिले में वर्षा के जल को संरक्षण करने के उद्देश्य से हर ग्रामों के घर में सोख्ता गड्ढा बनाने एवं पौधरोपण का अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने छुरिया विकासखंड के ग्राम भंडारपुर में ग्रामीणों के घर में सोख्ता गड्ढा बनाकर अभियान की शुरूआत की। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि सोख्ता गड्ढा पानी को न केवल व्यर्थ होने से बचाता है, बल्कि भू-जल स्तर को बढ़ाने में भी मदद करता है। सोख्ता गड्ढा पर्यावरण को साफ रखने में मदद करता है, क्योंकि यह गंदे पानी को साफ कर जमीन में रिसने देता है। उन्होंने ग्रामीणों से अपने-अपने घरों पर सोख्ता गड्ढा बनाकर वर्षा के जल का संरक्षण करने की अपील की। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया तथा ग्रामीणों को भी पौधरोपण करने एवं प्लास्टिक मुक्त गांव बनाने का भी आह्वान किया।



### शिक्षा एक ऐसा उपहार है, जो जीवनभर काम आता है

**राजनांदगांव।** शा.उ.मा. विद्यालय कुमरदा में प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की अतिथियों द्वारा पूजा-अर्चना से हुआ। अतिथि के रूप में गनसू राम कोलियारे, कांतिलाल साहू, विजय कोसमा, पितांबर रावटे, प्रदीप साहू, सेवती साहू, हुमेश्री साहू, प्रेमलता रावटे शामिल थे। गनसूराम कोलियारे ने नवप्रवेशी बच्चों को पढाई की ओर सजग व अनुशासन में रहकर अध्ययन गंभीरता से करने का आह्वान किया। संस्था प्राचार्य मिलापदास साहू ने विद्यार्थियों को बधाई देते कहा कि शिक्षा एक ऐसा उपहार है, जो जीवनभर काम आता है। यह हमें ज्ञान कौशल और आत्मविश्वास प्रदान करता है। कार्यक्रम में रामकलिंद भुआर्य, विमलेश्वरी रामटेके, बसंत यादव, मनोज शर्मा, मृणालिका पांडेय, मितवेश डोंगरे, भागवतराम, प्रेमन, मुकेश उइके, भारती यादव समेत पालकगण व ग्रामवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र वैष्णव एवं आभार प्रदर्शन अखिल पटेल ने किया।

### अखबारों का संकलन गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्डस के लिए प्रस्तावित

**राजनांदगांव।** जैनाचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज के 58वें मुनि दीक्षा दिवस पर एक होटल के पार्लियामेंट गैलरी में आचार्य श्री के समाधि (महाप्रयाण) के प्रकाशित समाचार वाले 12 भाषाओं के 609 अखबारों के संकलन की अनूठी प्रदर्शनी तेजकरण जैन द्वारा आयोजित की गई। यह प्रदर्शनी शहर के विशिष्ट नागरिकों की उपस्थिति में गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्डस 2025 में इस संकलन को नामांकित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। संकलन की प्रामाणिकता एवं गणना पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना, संपादक सुशील कोठारी, होटल के एमडी रोशन भाटिया की उपस्थिति में संपन्न हुई। डॉ. बाफना ने इस अद्भुत संकलन को प्रमाणित कर रिकॉर्ड में नामांकन हेतु प्रस्ताव दिया। श्री कोठारी ने प्रस्ताव का अनुमोदन किया। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्डस कमेटी ने मृत्यु अभिलेख की श्रेणी में इस संकलन को सबसे बड़ा होना स्वीकार कर पंजीयन दिया है। संकलनकर्ता तेजकरण जैन ने बताया कि पर्याप्त साक्ष्य एवं आवश्यक कार्रवाई पूर्ण होने के बाद गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्डस में नामांकन की पूर्ण संभावना है।




# लमती परियोजना से 41 गांव की खेती को मिलेगा नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के किसानों के लिए आज का दिन अत्यंत गर्व और उम्मीद से भरा है। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह के सतत प्रयासों और पहल से 242.80 करोड़ रुपए की लागत से लमती फीडर डैम के माध्यम से कुल 41 गांव को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जाएगा। जिससे हजारों किसान परिवारों की वर्षों पुरानी मांग पूरी होने जा रही है।

इस महत्वाकांक्षी योजना से खैरागढ़, छुईखदान और गंडई क्षेत्र के 2 गांव के साथ-साथ राजनांदगांव जिले के 39 गांव को सीधे लाभ मिलेगा। इन 39 गांव में से 10 गांव अत्यंत सूखाग्रस्त घोषित हैं, जहां किसानों को लंबे समय से जल संकट का सामना करना पड़ रहा था। इन सुविधा प्राप्त होगी। इससे जहां धान, गेहूं, दलहन और सब्जियों की खेती को बढ़ावा मिलेगा। वहीं कृषि आधारित आजीविका पर आश्रित परिवारों को आर्थिक मजबूती भी मिलेगी।

**विस अध्यक्ष रमन सिंह के प्रयासों से 242 करोड़ स्वीकृत**

#### समृद्ध गांव-सशक्त किसान

यह परियोजना न केवल जल संसाधन प्रबंधन में एक बड़ा कदम है, बल्कि समृद्ध गांव-सशक्त किसान के संकल्प की दिशा में एक मजबूत आधारशिला है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने इस स्वीकृति के लिए राज्य एवं केंद्र सरकार के प्रति आभार प्रकट किया है और विश्वास जताया है कि जल्द ही इस पर निर्माण कार्य प्रारंभ होगा।

#### आमनेर नदी में बनेगा डैम



इस परियोजना के संबंध में जल संसाधन विभाग द्वारा विस्तृत प्रस्तुतिकरण परियोजना समिति के समक्ष किया गया। विभाग द्वारा समिति को यह अवगत कराया गया कि यह डैम परियोजना खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के खैरागढ़ तहसील एवं विकासखंड के ग्राम लछनाटोला के समीप आमनेर नदी पर प्रस्तावित है।

सूखाग्रस्त गांवों में बम्हनी, धनगांव, सुकुलदैहान, गातापार, बागतराई, डिलापहरी, धर्मापुर, ढाबा, बरगाही और लिटिया शामिल हैं।

डॉ. रमन सिंह ने इस योजना की स्वीकृति को राजनांदगांव जिले सहित संपूर्ण अंचल के किसानों के लिए महत्वपूर्ण फैसला बताया और कहा कि यह सिर्फ सिंचाई योजना नहीं, बल्कि किसानों के भविष्य को सुरक्षित करने की एक ठोस पहल है। मेरा सदैव प्रयास रहा है कि प्रत्येक गांव, प्रत्येक खेत तक पानी पहुंचे और हर किसान के चेहरे पर संतोष की मुस्कान लौटे। इस डैम के निर्माण से 1840 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई की

## विस अध्यक्ष ने पारदर्शी भर्ती के लिए प्रशासन की थपथपाई पीठ

# डॉक्टर्स-डेः स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने शहर को मिले 165 डॉक्टर व कर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जिला पंचायत राजनांदगांव के सभाकक्ष में संविदा पदों की नियुक्ति आदेश वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष ने सभी को डॉक्टर्स-डे की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि शहरी स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत शहरों को जोड़ा गया तथा स्वास्थ्य के मापदंडों के तहत शिशु मृत्यु दर, मातृ मृत्यु दर तथा कुपोषण की समीक्षा के दौरान यह देखा गया कि स्वास्थ्य सूचकांक में कमी आई है।

डॉ. सिंह ने कहा कि स्लम बस्तियों में शासन की विभिन्न योजनाओं को पहुंचाने के लिए कार्य किया गया। रायपुर, दुर्ग, भिलाई जैसे शहरों की स्लम बस्तियों में ध्यान केन्द्रित करते संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने, टीकाकरण को शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने, कुपोषण को दूर करने कार्य किया जा रहा है। शहरी क्षेत्रों के स्लम बस्तियों में अब इसका असर दिखाई दे रहा है। शहरी स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत राजनांदगांव जिले में व्यापक पैमाने पर नियुक्ति की गई है। स्वास्थ्य विभाग में इतनी बड़ी भर्ती पहले नहीं हुई है।




#### जनता की करें सेवा : सांसद

सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि डॉक्टर्स-डे के दिन सभी 165 पदों पर भर्ती हुए सभी डॉक्टर्स एवं स्टॉफ को नियुक्ति आदेश पत्र प्रदान किया जा रहा है और यह उनके जीवन का महत्वपूर्ण मोड़ है।आप सभी से यह अपेक्षा है कि आप जनसामान्य की सेवा करेंगे। उन्होंने 165 विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए कलेक्टर एवं उनकी टीम को बधाई दी।

#### शहर को मिलेगा लाभः मेयर

महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि सभी मानवता की सेवा के लिए कार्य करेंगे। शहरी स्वास्थ्य मिशन विधानसभा अध्यक्ष ने प्रारंभ किया था। जिसका परिणाम अब दिखाई दे रहा है। जिसके तहत जिले में 20 शहरी स्वास्थ्य मिशन केन्द्र संचालित है। जिसका लाभ राजनांदगांव शहर के जनमानस को मिलेगा। शहर में सुविधाओं में बढ़ौत्तरी होगी।

#### पांच साल में पहली बार बड़ी भर्ती

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग में 165 पदों पर पारदर्शी तरीके से भर्ती हुई है। विगत 5 वर्षों में जिला स्तर पर व्यापक पैमाने पर इतनी बड़ी भर्ती पहली बार हुई है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जिले में जनसामान्य को राहत मिलेगी। यह भर्ती चुनौतीपूर्ण रही और इसके लिए स्वास्थ्य विभाग एवं डीपीएम की टीम ने निर्विवाद रूप से भर्ती के कार्य को संपन्न कराया।

#### इन पदों पर हुई भर्ती

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा राजनांदगांव जिले में 165 विभिन्न पदों पर संविदा भर्ती की गई है।

जिसके तहत एनएनएम-एनएचएम के 21, नर्सिंग ऑफिसर एनएचएम के 54, पीए डीपीएचएन के 1, एमओ आयुष मेल के 4, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर के 17, काउंसलर एनएचएम के 3, साइकोलॉजिस्ट एनएमएचपी के 1, टीबीएचवी एनटीईपी के 1, लैब असिस्टेंट आईडीएसपी के 1, टेक्निकल असिस्टेट एनपीपीसीडी के 1, रेडियोग्राफर एनएचएम के 6, अटेंडेंसट-एसए एनएमएचपी के 1, डेंटल असिस्टेंट एनयूएचएम के 1, आप्थैलमिक असिस्टेंट एनयूएचएम के 1, एमपीडब्ल्यू मेल यूएचडब्ल्यूसी के 14, डेंटल सर्जन के 2, सेक्रेटेरियल असिस्टेंट के 21 एवं क्लास फोर के 15 पदों पर भर्ती की गई है।

### आईएएस टॉपर्स से मिलिए कार्यक्रम 4 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युवाओं को भारतीय लोक सेवा एवं प्रतियोगी परीक्षा के लिए सही मार्गदर्शन, प्रेरणा एवं युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने के लिए जिला प्रशासन द्वारा अभिनव पहल की गई है। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशन में यूपीएससी एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अध्ययन के स्तर, शैक्षणिक गुणवत्ता एवं तैयारी के लिए युवाओं को लाभान्वित करने हेतु कठिन नहीं, सही मार्गदर्शन चाहिए-आईएएस टॉपर्स से मिलिए कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का आयोजन 4 जुलाई 2025 को सुबह 11.30 बजे से पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में किया गया है। कार्यक्रम में भारतीय प्रशासनिक सेवा 2024 में चयनित आकश गर्ग, आदित्य विक्रम, पूर्वा अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, अंकित धबानी द्वारा जिले के युवाओं को अध्ययन के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया जाएगा। कलेक्टर डॉ. भुरे ने जिले के प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं एवं विद्यालयों व महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का लाभ लेने की अपील की है।


# शुद्ध पेयजल के लिए टंकियों की सफाई

■ उच्च स्तरीय जलागार सफाई कार्य जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर की जनता को पर्याप्त शुद्ध पेयजल प्राप्त हो सके इसके लिए नगर निगम राजनांदगांव सतत प्रयासरत रहता है। शुद्ध पेयजल के लिए नगर निगम द्वारा साल में दो बार पेयजल सप्लाई वाली सभी टंकियों की सफाई कराई जाती है। वर्तमान में बारिश के पूर्व चार टंकियों की सफाई की जा चुकी है। इसी कड़ी में शहर के प्रमुख 15 सार्वजनिक कुंओं की भी सफाई की गई है।

नगर निगम द्वारा पेयजल में किसी भी प्रकार का व्यावधान उत्पन्न न हो, इसके लिए महापौर मधुसूदन यादव एवं नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर जल विभाग का अमला सतत कार्यरत रहता है। कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके द्वारा स्वयं



उपस्थित होकर मोहारा प्लांट में रॉ-वाटर, क्लीयर वाटर का परीक्षण एवं क्लोरिन टेस्ट किया जा रहा है। शिवनाथ नदी मोहारा का जल स्तर का भी प्रतिदिन पर्यवेक्षण किया जा रहा है। इसके अलावा शहर की टंकियों की सफाई भी की जा रही है तथा गत माह शहर के 15 सार्वजनिक कुंओं की सफाई की गई। शहर में स्थित उच्च स्तरीय जलागार (पानी टंकी) सफाई की कड़ी में टांकाघर में निर्मित तीनों टंकी तथा मोहारा स्थित टंकी एवं सम्पवेल का सफाई कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष बचे टंकियों का सफाई कार्य जल्द पूर्ण किए जाने का लक्ष्य है। जिससे बारिश के पूर्व सभी टंकियां सफाई हो सके। इस वर्ष महापौर यादव के निर्देश पर शहर के सभी सार्वजनिक कुंओं की सफाई कराई गई। जिससे कुंओं का जल स्त्रोत बढ़े और निस्तारी योग्य बने। इसी प्रकार ममता नगर अंडरब्रिज के सम्पवेल की भी सफाई कराई गई है, ताकि बारिश में पानी भरान की स्थिति निर्मित न हो। साथ ही शहर में स्थापित हैंडपंपों में सोडियम हाईपोक्लोराईड केमिकल डालने का कार्य किया जा रहा है। जिससे हैंडपंपों का जल भी वर्षा ऋतु में पूर्ण रूप से संक्रमण मुक्त रहे। इस प्रकार शहर को शुद्ध पेयजल प्रदाय किए जाने नगर पालिक निगम प्रतिबद्ध है।

# सरकारी जमीन में अवैध कब्जा सिंगदई में निगम की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम सीमांतर्गत स्थित वार्ड नं. 50 सिंगदई में हाईस्कूल के पास की शासकीय भूमि में कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण कर अवैध निर्माण किया जा रहा था। जिसकी वार्डवासियों की शिकायत पर आज जिला प्रशासन, निगम प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने हटाने की कार्रवाई की।



उल्लेखनीय है कि वार्ड नं. 50 सिंगदई में श्रीमती मंजू निषाद आ. रामचरण निषाद द्वारा हाईस्कूल के पास की शासकीय भूमि में अतिक्रमण कर अवैध निर्माण किया जा रहा था। इस संबंध में वार्डवासियों की शिकायत पर इन्हें हटाने नोटिस दिया गया था। नोटिस उपरांत भी इनके द्वारा अतिक्रमण कार्य जारी रखा गया। जिससे वार्डवासी आक्रोशित होकर गत दिनों कलेक्टोरेट में कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे एवं महापौर मधुसूदन यादव तथा नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा से नगर निगम में प्रत्यक्ष मुलाकात कर हटाने ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कलेक्टर डॉ. भुरे द्वारा अतिक्रमण हटाने आश्वासन दिया। वहीं महापौर यादव व आयुक्त विश्वकर्मा ने भी दो दिन में अतिक्रमण हटाने आश्वासन दिया।

महापौर यादव एवं आयुक्त विश्वकर्मा के निर्देश पर आज नगर निगम के कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके, प्र.सहायक अभियंता गरिमा वर्मा व उप अभियंता ज्योति साहू निगम अमला के साथ-साथ नायब तहसीलदार व उनकी टीम तथा पुलिस बल के साथ आज मंजू निषाद द्वारा शासकीय भूमि में कर रहे अवैध निर्माण तोड़कर कालम ध्वस्त किया गया। इसी प्रकार उसी शासकीय भूमि के पास बजरंग साहू द्वारा भी अवैध कब्जा कर बाऊंड्रीवाल का निर्माण किया जा रहा था, जिसे तोड़ा गया।

साथ ही दो अन्य लोग जिन्होंने अवैध कब्जा कर निर्माण किया है, उन्हें भी स्वयं से तोड़ने समझाईस दी गई। उन सभी कब्जाधारियों से कहा गया कि आप शासकीय भूमि से कब्जा हटाकर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवेदन कर आवास का लाभ लें। अतिक्रमण हटाने के दौरान नगर निगम, जिला प्रशासन एवं पुलिस बल उपस्थित था।

# गांव में राईस मिल खोलने का विरोध, आंदोलन की चेतावनी



**राजनांदगांव।** घुमका तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत भदेरानवागांव के ग्रामीणों ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर अपने गांव में राईस मिल खोले जाने का विरोध किया है। उन्होंने कलेक्टर के नाम ज्ञापन देकर कहा है कि गांव में राईस मिल खोलने की अनुमति नहीं दी जाए। इससे गांव का वातावरण दूषित होगा और सैकड़ों एकड़ की फसलों को नुकसान पहुंचेगा।

कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने कलेक्टर को दिए गए ज्ञापन में कहा है कि भदेरानवागांव के सरपंच ने अपनी मनमानी करते हुए सभी पंचों के अनभिज्ञ होने की वजह से इथेनॉल कंपनी एवं चावल मिल को एनओसी दिया गया है। जिससे गांव में प्रदूषण और भविष्य में फसलों को नुकसान हो सकता है। वहीं इससे जनजीवन भी प्रभावित हो जाएगा।

#### बिना अनुमोदन अनुमति

ज्ञापन देने पहुंचे धरमदास बारले और माला साइटोंडे ने कहा कि ग्राम पंचायत द्वारा राईस मिल खोलने एनओसी दी गई है। इस संबंध में ग्रामसभा आयोजित नहीं किया गया और न ही कोई अनुमोदन कराया गया। उन्होंने कहा कि बिना अनुमोदन के पंचायत के प्रतिनिधियों ने राईस मिल खोलने की एनओसी दी है। उन्होंने कहा कि गांव के किसान इस राईस मिल को खोलने का विरोध कर रहे हैं।

#### विरोध प्रदर्शन की चेतावनी

ग्रामीणों ने मांग की है कि इथेनॉल एवं चावल मिल का एनओसी निरस्त किया जाए। ग्रामीणों ने कहा है कि अगर गांव में राईस मिल खोला जाता है तो उसका कड़ा विरोध करते प्रदर्शन किया जाएगा।

## तिलईरवार में नशामुक्ति कार्यक्रम आयोजित

**राजनांदगांव।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर कार्यक्रम प्राचार्य एके यदु के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम प्रभारी थंगेश्वर कुमार साहू व्याख्याता द्वारा संचालित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को शराब, अफीम, गांजा, बीड़ी, सिगरेट एवं ड्रग्स आदि के दुष्प्रभाव एवं दुष्परिणाम के प्रति जागरूक किया और जागरूकता अभियान चलाया गया। अंत में विद्यार्थियों को प्रतिज्ञा शपथ दिलवाया गया और इसके लिए जागरूकता अभियान अपने गांव अपने आसपास चलाने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य अशीम कुमार यदु, अनुराधा ढोक, रेखा मुरकुटे, सरोज भुवार्य, थंगेश्वर कुमार साहू, राजेश नेताम, जितेंद्र कुमार कश्यप, नोहर दास लीलहारे, पालकराम वर्मा आदि की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन थंगेश्वर कुमार साहू ने किया।



## यात्रा की तैयारियों को लेकर ट्रस्ट ने की बैठक

# सावन में शहर में निकलेगी कांवड़ यात्रा

■ श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा इस बार भी सावन माह में 14, 21 व 24 जुलाई एवं 4 अगस्त को श्री बागेश्वर धाम कांवड़ यात्रा, जल संरक्षण, वृक्षारोपण व अन्य धार्मिक विषयों को लेकर श्री बागेश्वर धाम उत्सव भवन में बैठक आयोजित की गई।

बैठक का संचालन करते पंकज गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष बागेश्वर धाम में हरित कांवड़ यात्रा ब्रम्हाण्ड के कल्याण के लिए निकाली जाएगी। बैठक में विष्णु साव, राकेश ठाकुर, राजेश गुप्ता, किरण अग्रवाल, हरीश गांधी, निंकुज सिंघल, मनोहर चंदेल, मयंक शर्मा, सौरभ खंडेलवाल, आशा गुप्ता, शरद गुप्ता, कृष्ण गुप्ता, शैलेन्द्र तिवारी, कैलाश हुका, नवीन अग्रहरि, राजेश शर्मा आदि ने अपने-अपने विचार रखें तथा



सावन माह को पूर्ण भक्तिभाव से मानने का निर्णय लिया। दो भागों में चली बैठक का आभार प्रदर्शन सूरज गुप्ता व सौरभ गुप्ता द्वारा किया गया। बैठक में वेणु गोपाल सारडा, महेश शर्मा, लक्ष्मी गुप्ता, अजय गुप्ता, हरिश भानुशाली, जतिन भाई पटेल, शीतल पटेल, दिनेश अग्रवाल, अन्नु गुप्ता, हरीप्रसाद गुप्ता, रूपनारायण गुप्ता, मीना गुप्ता, यशोदा गुप्ता, अरूणा गुप्ता, शोभा गुप्ता आदि शामिल थे। उक्त जानकारी श्री बागेश्वर धाम सेवक अजय गुप्ता द्वारा दी गई।

#### जन कल्याण के लिए निकाली जाएगी यात्रा

बैठक के संबंध में श्री बागेश्वर धाम सेवक पंकज गुप्ता, राकेश ठाकुर, सूरज गुप्ता, भावेश अग्रवाल, राजेश शर्मा, सौरभ खंडेलवाल व मयंक शर्मा ने बताया कि बागेश्वर धाम कांवड़ यात्रा जो धार्मिकता, सामाजिक संदेश, राष्ट्र प्रेम वीर सैनिको, जनकल्याण, खेलों खिलाड़ियों के प्रोत्साहन, नारी शक्ति, राष्ट्र ध्वज तिरंगा, रक्षाबंधन आदि विषय थीम पर निकाली जाती रही है। जिसका उद्धेश्य धार्मिकता के साथ जनकल्याण, देश के समाज के समसामायिक विषयों का संगम कर जनसामान्य के कल्याण हेतु भी रहता है।



**सौगात : विद्यार्थियों की सुविधा के लिए शाला भवन एवं अतिरिक्त कक्ष का किया भूमिपूजन**

# महली के शाला प्रवेशोत्सव में शामिल हुईं विधायक भावना बोहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा छात्र-छात्राओं की शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने और राज्य में शिक्षा के क्षेत्र को सशक्त बनाने एवं शत-प्रतिशत बच्चों का विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के तहत मंगलवार को ग्राम महली में पंडरिया विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में 21.59 लाख के पूर्व माध्यमिक शाला के नवीन भवन व 7.63 लाख रुपए की लागत से बनने वाले हाई स्कूल के अतिरिक्त कक्ष का भूमि पूजन किया गया। पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने सहभागिता की और नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर उनका स्वागत। इस दौरान उन्होंने बच्चों को गणवेश, पाठ्य पुस्तकें और सरस्वती सायकल योजना के तहत छात्राओं को सायकल वितरण कर उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने छात्र-छात्राओं से अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव साझा करते हुए उन्हें जीवन में शिक्षा के महत्व के बारे में बताया और उन्हें स्कूल आने तथा मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में शिक्षा का बहुत महत्व है। शिक्षा, ज्ञान, कौशल, और मूल्यों का विकास करती है, जो व्यक्ति को बेहतर जीवन जीने और समाज में सकारात्मक योगदान करने में मदद करती है। शिक्षा द्वारा हमें नैतिक मूल्यों, समाज सेवा की भावना, सामाजिक न्याय और समरसता के महत्व को समझने में मदद मिलती है। शिक्षित लोग समाज की समस्याओं के समाधान में योगदान करते हैं, सामाजिक बदलाव को प्रोत्साहित करते हैं और समाज को एक नई दिशा देने में योगदान देते हैं। आप सभी इस देश की आने वाली युवा पीढ़ी हैं और आपके कंधो पर ही देश की प्रगति टिकी हुई है। आज आप सभी विद्यार्थी इस विद्यालय से शिक्षा ग्रहण करके अपने उज्ज्वल भविष्य की राह पर अग्रसर होंगे। यह नया सत्र आपको अपने लक्ष्यों और जीवन के उद्देश्यों को पूरा करने की एक सीढ़ी है, जिसके माध्यम से आने वाले समय में आप सभी विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करके अपने गांव, शहर, प्रदेश, नगर और माता-पिता एवं हम सभी का नाम रौशन करेंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की डबल इंजन भाजपा सरकार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए जा रहें हैं।

विगत डेढ़ वर्षों में प्रदेश में छात्रों के समग्र विकास को बढ़ावा देने के साथ शिक्षा स्तर में सुधार के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुआ है। केद्र सरकार द्वारा नई एजुकेशन पॉलिसी को पूर्ण रूप से लागू करके शिक्षा को रोजगार के साथ जोड़ने के उद्देश्य से विद्यार्थियों को आवश्यक कौशल व ज्ञान के साथ युवाओं को बेहतर शिक्षा प्रदान कर उनका उज्जवल भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में सराहनीय कदम है। आज समग्र शिक्षा योजना के तहत स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ ही सुविधाओं का भी निरंतर विस्तार हो रहा है।

इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य दीपा धुर्वे, राजेश्वरी धृतलहरे, अन्नपूर्णा चन्द्राकर, जनपद अध्यक्ष नंदनी साहू, जनपद सदस्य गजपति साहू, अंजली साहू, बालमुकुंद चन्द्रवंशी, रविश ठाकुर, दिनेश मिश्रा, हरेकृष्ण शुक्ला, विकास खंड शिक्षा अधिकारी एमके गुप्ता, बीआरसीसी अर्जुन चन्द्रवंशी, सहायक विकास खंड अधिकारी दीपक ठाकुर, रामचंद साहू सहित ब्लाक के सभी प्रधान पाठक व छात्राएं सहित ग्रामीण जन उपस्थित थें




**शिक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य कर रही है: विधायक**

विधायक ने कहा कि पीएम श्री स्कूल के माध्यम से 211 स्कूलों को स्मार्ट क्लासरूम, लैब और डिजिटल संसाधनों से अपग्रेड किया जा रहा है। बिलासपुर में 100 करोड़ रुपए की लागत से 13 एकड़ में एजुकेशन सिटी का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें आधुनिक शैक्षिक सुविधाएं होंगी। स्कूलों में शिक्षकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 5500 से अधिक शिक्षकों की भर्ती की जा रही है साथ ही 2600 से अधिक बीएड धारी शिक्षकों की बहाली और व्यापम के माध्यम से भी नई भर्तियां की जा रही है, ताकि छात्र-छात्राओं को लाभ मिल रहा है। स्कूलों का उन्नयन, नए कक्ष एवं भवनों का निर्माण, बच्चों को मिड-डे मील के तहत पौष्टिक आहार छात्रवृत्ति, छात्राओं को स्कूल आने-जाने हेतु सायकल वितरण जैसे कई सराहनीय प्रयासों से आज छत्तीसगढ़ में शिक्षा का स्टार सुधरा है एवं सुविधाएं सुदृढ़ हुई हैं, जिसका सीधा लाभ छात्र-छात्राओं को मिल रहा है।



## खाद, बीज की समस्या कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रबेली सोसायटी में सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

जिला में इन दिनों अन्नदाता किसानों कों खाद, बीज की समस्या को लेकर लगातार सोसायटियों के चक्कर काट रहे हैं, सरकार फिर भी किसानो को राहत देने के बजाय आंखें बंद कर बैठी है। वैसे भी जिले में सुस्त मानसून के कारण पानी की कमी के चलते पहले भी किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है, ऊपर से समय पर सोसायटियों में खाद, बीज का नहीं मिलने से खेती-किसानी पर दोहरी मार पड़ रही है।

जिस पर प्रदेश कांग्रेस के निर्देश व जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मणिकांत त्रिपाठी के उपस्थिति में व सत्येन्द्र वर्मा के नेतृत्व में रबेली सोसायटी के सामने कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खाद, बीज की समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिस पर ब्लॉक अध्यक्ष मणिकांत त्रिपाठी व सत्येन्द्र वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में किसानों की दशा भूपेश बघेल की सरकार में बेहतर था, 2018 के विधानसभा चुनाव में किसानों के हित में कांग्रेस पार्टी द्वारा घोषणा पत्र में किए वादे को पूरा किया गया, जिसमें प्रमुख रूप से किसानों का कर्ज माफ, 25 सौ रुपए प्रति क्विंटल धान की खरीदी, राजीव गांधी किसान न्याय योजना अंतर्गत किसानों के खाते में सीधे पैसा डाला जाता था, जिससे प्रदेश के किसानों को आर्थिक रूप से समृद्ध होने का अवसर मिला। किन्तु 2023 में प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के बाद किसानों की स्थिति फिर से बिगड़ने लगी है, आज जिले के अंदर सोसायटियों केन्द्रों में खाद, बीज की कमी के चलते किसान भाई परेशान है, मजबूरी में निजी दुकानों से ऊंची कीमत चुकाकर खाद खरीदकर खेतों में डाल रहे हैं, जिससे कृषि लागत बढ़ रही है।

प्रदेश सरकार स्कूल बंद कर शराब भट्ठी खोल रही है, जिससे युवा पीढ़ी नशे की आगोश में समा रहे है, लगता है डबल इंजन की सरकार की दोनों इंजन एक साथ फेल हो गई है। जिसके कारण लोगों को हर क्षेत्र में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर समिति प्रबंधक को शीघ्र ही व्यवस्था सुधार कर किसानों को खाद, बीज उपलब्ध कराए जाने की मांग की गई। यदि व्यवस्था नहीं सुधरा तो आने वाले समय में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व ग्रामीण जन उपस्थित थें।

**खबर संक्षेप**

### हाई स्कूल बरबसपुर मे नव-प्रवेशी छात्राओं को तिलक लगाकर प्रवेशोत्सव मनाया



**हरिभूमि बरबसपुर।** कवर्धा विकासखंड अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल बरबसपुर में शिक्षा सत्र 2025-26 का शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। शाला प्रवेशोत्सव में उपस्थित अतिथियों द्वारा नवीन छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर, मीठा खिलाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात पाठ्य पुस्तक नवीन छात्र-छात्राओं को प्रदान किया गया। इस अवसर पर शाला विकास एवं प्रबंधन समिति अध्यक्ष पंचराम कोशले, कुमार रात्रे, विजय रात्रे, चिंताराम बंजारे, सिंधु टंडन, वीरू कुर्रे, गिरधारी टंडन, मनी जोशी व गणमान्य नागरिक गण प्रमुख रूप से उपस्थित थें। शाला प्रवेशोत्सव के दौरान सभी छात्र-छात्राओं को विद्या क्या है? इनके बारे में विस्तार से बताई गई की विद्या एक ऐसे धन है, जिसे कोई चुरा नहीं सकता, ना राजा छीन सकता है ना भाइयों में बांटा जा सकता है, बल्कि बांटने से विद्या बढ़ता है। जीवन में सुख-शांति और सफलता पाना चाहते हैं तो विद्या अध्ययन के लिए कड़ी मेहनत करो और बड़ी परिश्रम करो जो लोग विद्यावान नहीं होते हैं, उन्हें परिवार समाज और गांव में सम्मान नहीं मिलता है यह बोझ नहीं बनाता है। इसलिए प्रतिदिन विषयों का अभ्यास करो, अध्ययन करो व पुस्तक पढ़ो और रफ्तार से लिखो तथा धार्मिक ग्रंथ पढ़ो और विभिन्न प्रकार के अखबार पढ़ने से छात्र के जीवन में विद्या धन बढ़ता है व नई-नई ज्ञान बुद्धि आता है, तब एक मंजिल प्राप्त होती है अन्यथा नहीं। साथ ही साथ शत-प्रतिशत प्रवेश हेतु बच्चों को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा सभी बच्चों को अच्छे से पढ़ने एवं भविष्य सवारने की बातें बताते हुए आशीर्वाद वचन से प्रेरित किया गया। इस दौरान शाला प्रमुख लक्ष्मण मिरी, मुरली प्रसाद झारिया, फागुराम डिंडोरी, योगेश चौरिया, वर्षा सोनी, सीमा वर्मा, कामना श्रीवास्तव, पूनम साहू, अनुराग जायसवाल, अजय श्रीवास्ताव एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

### मोहतरा कला में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम मोहतरा कला में मंगलवार को शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला मोहतरा कला मे शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। जिसमे अतिथि के रूप मे ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि निलेश चन्द्रवंशी, जनपद प्रतिनिधि माखन चन्द्रवंशी, उप-सरपंच ईश्वरी यादव, शाला समिति अध्यक्ष मोहित राम साहू, मनोज चन्द्रवंशी, रमेश चन्द्रवंशी, पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक जलेश्वर दास, प्राथमिक शाला प्रधान पाठक हरीश तिवारी, शिक्षक गण जयप्रकाश चन्द्रवंशी, सागर दास, नंदकुमार साहू, रामकुमार वर्मा द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र में विधि विधान से पूजा अर्चना कर नव-प्रवेशी बच्चो को तिलक लगाकर व मीठा खिलाकर, पुस्तक तथा गणवेश वितरण किया गया।

# विजय शर्मा ने सरईपतेरा नवनिर्मित पंचायत भवन का किया लोकार्पण

## वनांचल ग्रामीणों से की भेंट, समस्याओं का गंभीरता से लिया संज्ञान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मंगलवार को कवर्धा प्रवास के दौरान बोड़ला विकासखंड के वनांचल क्षेत्र रेंगाखार जंगल के ग्राम सरईपतेरा में 20 लाख रूपए की लागत से नवनिर्मित पंचायत भवन का क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने गांव में उपस्थित ग्रामीणजनों से मुलाकात कर उनके हालचाल जाना और क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं, मांगों तथा सुझावों को गंभीरता से सुना। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला पंचायत सदस्य राजकुमार मेरावी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे, नितेश अग्रवाल सहित क्षेत्रिय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार की प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्रों की बुनियादी सुविधाओं को मजबूत बनाना प्राथमिकता में शामिल है। नया पंचायत भवन गांव की प्रशासनिक सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिससे स्थानीय शासन को मजबूती मिलेगी और योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाया जा सकेगा। ग्राम सरईपतेरा और आसपास के क्षेत्रवासियों ने उपमुख्यमंत्री से क्षेत्र के मांग, समस्या और शिकायत सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने तत्काल संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से कहा कि वे समय-समय पर ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर जनसुनवाई करें और समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता अंतिम व्यक्ति तक शासन की पहुंच और सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। ग्राम पंचायत भवन जैसी आधारभूत संरचनाएं ग्रामीण विकास की रीढ़ होती हैं, जो न केवल प्रशासनिक कार्यों को गति देती हैं, बल्कि गांव को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाती हैं। हमारी सरकार का लक्ष्य है कि गांवों में बैठकर ही ग्रामीणजन अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त करें, योजनाओं की जानकारी लें और अपनी भागीदारी से विकास को दिशा दें। उन्होने यह भी कहा कि वनांचल और दूरस्थ अंचलों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है।

### पिपरिया में स्वच्छ नगर स्वस्थ नगर अभियान का शुभारंभ



**हरिभूमि पिपरिया।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ सरकार के मुखिया विष्णुदेव साय तथा द्वारा स्वच्छ भारत मिशन 2.0 अंर्तगत 1 से 31 जुलाई तक सफाई अपनाओ- बीमारी भगाओ अभियान की शुभारंभ नगर पंचायत पिपरिया अध्यक्ष घुरूवाराम साहू द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर उन्होंने कहा कि नगर पंचायत पिपरिया को स्वच्छ नगर-स्वस्थ नगर बनाना है, जिसके लिए नगर के नालियों, जल निकासी, सार्वजनिक स्थलों एवं शौचालयों की नियमित रूप से साफ-सफाई करते रहें, ताकि आम नागरिकों से स्वस्थ रहने संबंधी जानकारी समय-समय पर मिलता रहें। उन्होंने कहा कि भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ सरकार के संयुक्त तत्वाधान में इस मानसून रखे सेहत का ख्याल, स्वच्छता के मूल-मंत्र को बनाएं रखें जिसके तहत क्रमशः स्वच्छ हाथ, स्वच्छ घर, स्वच्छ पड़ोस, स्वच्छ शौचालय, स्वच्छ नालियां, स्वच्छ जल निकासी के अलावा स्वच्छ सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई से ही अपने नगर को रोगमुक्त बनानें में आप सभी नगरवासियों के सहयोग से ही संभव हो सकेगा। उक्त अवसर नपं उपाध्यक्ष शिवचरण पटेल ने कहा कि नगर पंचायत पिपरिया को स्वच्छ नगर के रूप में मुर्तरूप देने में आप सभी की आवश्यकता होगी, जिससे अपने नगर को राज्य के प्रथम पंक्ति पर देख सकें। उक्त अवसर पर घुरूवाराम साहू, शिवचरण पटेल, पार्षद गण सोम पटेल, राजेन्द्र गुप्ता, कमलकांत नाविक, चित्रबाहू देवांगन, प्रेमलाल साहू, शत्रुहन साहू, दुर्गेश साहू के साथ राजेन्द्र नाविक, नंदा पाटिला, रविन्द्र देवांगन, नरेश साहू तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी योगेश्वर सिंह नेताम एवं निकाय के नियमित अधिकारी-कर्मचारी, प्लेसमेंट कर्मचारी गण उपस्थित थें।

### शिक्षक साझा मंच पंडरिया ने चार सूत्रीय मांगों को लेकर अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि पण्डरिया।** शिक्षक साझा मंच पण्डरिया द्वारा विभिन्न मांगो को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन, मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन, सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन रायपुर व संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर अनुविभागीय अधिकारी पण्डरिया के माध्यम से ज्ञापन सौपा गया। सेटअप 2008 के अनुसार युक्तियुक्तकरण करने सहित चार सूत्रीय मांगो का निराकरण करने ज्ञापन दिया गया। प्रदेश के 23 शिक्षक संगठनों के साझा मंच द्वारा शिक्षक संवर्ग से संबंधित विभिन्न मांग जिसमें वर्तमान में किए गए युक्तियुक्तकरण में छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सन 2008 में जारी सेटअप का पालन नहीं किया गया है। अतः इसे निरस्त किया जाए, उच्च न्यायालय बिलासपुर के डबल बैंच द्वारा श्रीमती सोना साहू प्रकरण में जारी आर्डर के अनुसार प्रदेश के समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग के लिए दस वर्ष में प्रथम एवं 20 वर्ष में द्वितीय क्रमोन्नत-समयमान वेतनमान का जनरल आर्डर जारी किया जाएं, शिक्षक एलबी संवर्ग के पंचायत-नगरीय निकाय विभाग में प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन व अन्य लाभ प्रदान किया जाएं, शिक्षक संवर्ग की पदोन्नति में बीएड की अनिवार्यता समाप्त किए जाने ज्ञापन दिया गया। इस दौरान मोहन राजपूत, बलदाऊ प्रसाद चंद्राकर, कलीराम चंद्राकर, मनीराम ध्रुव, अशोक साहू, ओमप्रकाश पाण्डेय, रामफल चंद्राकर, चंद्रप्रकाश राजपूत, कन्हैया चंद्राकर, सालिकराम यादव, विद्या चंद्राकर, हामिद खान, जितेंद्र चंद्रवंशी, मालगुजार लहरे, उत्तम लायल, जयप्रकाश चन्द्रवंशी,अंतराम साहू, रोशन राजपूत, रामभाऊ जायसवाल सहित शिक्षक गण उपस्थित थें।

**जनपद अध्यक्ष ने किया पुस्तक वितरण, अतिथियों ने बच्चों के साथ किया मध्यान्ह भोजन**

# प्राथमिक शाला नेवारी में मनाया शाला प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्राथमिक शाला नेवारी में मंगलवार को शाला प्रवेशोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत कवर्धा अध्यक्ष श्रीमती सुषमा बघेल, वीर सिंह पटेल कवर्धा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष, जनपद प्रतिनिधि मिथलेश बंजारे मुख्य रूप से उपस्थित थें। उन्होंने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया तथा निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती बघेल, श्री पटेल, श्री बंजारे ने कहा, बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं। उन्हें पूरी लगन और मन से पढ़ाई करनी चाहिए, ताकि वे अपने माता-पिता और गांव का नाम रौशन कर सकें। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें और उनके उज्जवल भविष्य के लिए विद्यालय और शिक्षकों के साथ सहयोग करें। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन और मां सरस्वती वंदना के साथ हुई। वहीं बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए स्वागत गीत, नृत्य ने सभी का मनमोह लिया। प्रधानाध्यापक श्रीमती सोनू सिंह परिहार ने शाला की उपलब्धियों और भावी योजनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन स्वाति केशरवानी ने की।

शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर सभी बच्चों, अभिभावकों और अतिथियों के लिए मध्यान्ह भोजन की विशेष व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर छोले-पूड़ी, पापड़, सलाद और मीठे व्यंजन परोसे गए, जिनकी स्वाद, गुणवत्ता और पोषण की सभी ने मुक्तकंठ से सराहना की। जिस पर जनपद अध्यक्ष सहित सभी अतिथियों ने बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया, जिससे सामाजिक समरसता और समानता का सशक्त संदेश गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच सेवाराम पात्रे और उपसरपंच गणेश पटेल ने कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार की ओर से सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। उपस्थित अभिभावकों ने भी विद्यालय की व्यवस्थाओं और शिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा की।

शाला प्रवेशोत्सव, समरसत्ता भोज कार्यक्रम में शाला विकास समिति अध्यक्ष बृजराज सिंह ठाकुर, हरित क्रांति समिति के अध्यक्ष त्रिभुवन सिंह ठाकुर, ग्राम पंचायत नेवारी सचिव सह-संयोजक जगेशर पटेल, युवामोर्चा सदस्य योगेन्द्र मानिकपुरी, प्रदीप निषाद, आत्माराम मानिकपुरी, पूर्व सरपंच संजय कुर्रे, संकुल समन्वयक रामशरण चंद्रवंशी, प्रधान पाठक ऋषि ठाकुर, प्रधान पाठक सोनू सिंह परिहार, शिक्षिका स्नेहलता पाण्डेय, कामाक्षी मिश्रा, सुशीला वर्मा, स्वाति केशरवानी, अफसार बेगम सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**न्यायालय नजूल अधिकारी कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्रं.ई.पंजी./202506082200037 /अ-6/वर्ष 2024-25

आवेदक शेखर सोनी पिता छेदीलाल सोनी साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्रं.-16ए भू-खण्ड क्रं. 186/1 क्षेत्रफल 136.00 व.मी. जो नजूल संधारण खसरा में शांति बाई पति करण सिंह, सतीष सिंह पिता करण सिंह के नाम पर दर्ज है। उक्त भू-खण्ड के मूल धारकगणों के द्वारा आवेदक के पक्ष में संपूर्ण क्षेत्रफल का पंजीकृत बयनामा दिनांक 05.06.2025 निष्पादित किये जाने से अपना नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति एवं संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 28/7/25 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर मान्य नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 26/6/25 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक - 26.6.2025
पेशी तिथि - 28.7.202

मुहर

नजूल अधिकारी
कबीरधाम

स्थापना वर्ष 2014
VIPS
आइये मेडिकल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें...
विजन पैरामेडिकल
INFORMATION | CAREER GUIDANCE | ADMISSION
COUNSELING & COACHING CENTER
प्रवेश प्रारंभ
गुणवत्ता युक्त एवं विश्वसनीय सेंटर
सभी पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ में नौकरी एवं रजिस्ट्रेशन हेतु मान्य है।
मो.: 9340751120, 9131330801, 7869622725
गर्ल्स हॉस्टल सुविधा उपलब्ध
पता : कोबिया सृजन ITI के पीछे, बेमेतरा (छ.ग.)
योग्यता - 12वीं (जीव विज्ञान)
COURSES
BACHELOR IN MED.LAB.TECHNICIAN - 3 Years
DIPLOMA IN MED.LAB.TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN AYURVEDIC PHARMACY - 2 Years
DIPLOMA IN X-RAY TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN OPTHELMIC TECHNICIAN - 2 Years
CERTIFICATE IN OT TECHNICIAN - 1 Years

समस्या: विद्युत पोल टूटने से नवघटा के 43 नलकूप चार दिनों से बंद, बिटकुली के जले ट्रांसफार्मर को बदलवाले विभाग के चक्कर काट रहे किसान

# विद्युत विभाग की बहानेबाजी से ग्रामीण किसान व उपभोक्ता त्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शासन-प्रशासन के नियंत्रण से पूरी तरह बाहर हो चुकी छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी के कर्मचारी अधिकारी न तो शासन-प्रशासन की सुन रहे है और न ही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की बातों पर कान दे रहे है। ऐसे में किसानो और उपभोक्ताओं की शिकवा शिकायतों पर विभाग और विभाग के अधिकारियों से कार्यवाही की उम्मीद करना ही बेकार है। इसकी कई बानगी जिले के कोने-कोने में साफ देखी जा सकती है।

विकासखण्ड कवर्धा क्षेत्र के ग्राम बिटकुली कला की बात की जाए तो यहां के किसान विकास चंद्रवंशी और हरीश चंद्रवंशी के नलकूल के लिए विभाग द्वारा लगाया गया 25 केव्ही का विद्युत ट्रांसफार्मर एक सप्ताह से जला पड़ा है। जिसकी सूचना इन किसानो ने तत्काल संबंधित लाईन मेन के साथ ही क्षेत्रीय विद्युत अधिकारी को दे दी थी। लेकिन आज पर्यंत जले हुए विद्युत ट्रांसफार्मर को नहीं बदला गया। जबकि नियमानुसार खेत में लगे विद्युत टांस्फार्मर के बदलने लायक स्थिति में होने की शिकायत पर उसे पांच दिनो में बदला ही जाना चाहिए। लेकिन कबीरधाम जिले में इस तरह के विभागीय, नियम कायदे, प्रावधान काम ही नहीं करते।

पीड़ित किसानो ने बताया कि उन्हें करीब 20 एकड़ खेत में धान की रोपाई करना है लेकिन विभाग द्वारा शिकायत पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जबकि विद्युत विभाग के डिपो में 25 केव्ही के ट्रांस्फार्मर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। पीड़ति किसानों ने बताया कि जब इस संबंध में उन्होने संबंधित विद्युत सब स्टेशन के सहायक अभियंता संदीप सोनी से मोबाईल में बात करनी चाही तो उनका किसानो के लिए जारी किया मोबाईल नम्बर हमेशा की तरह बंद था। जैसे तैसे बात होने पर उन्होने कहा कि टावर नहीं होने के कारण संपर्क नहीं हो पाता, वहीं ट्रांसफार्मर बदलने की बात पर उन्होने कहा कि मिस्त्री अभी छुट्टी में है। वहीं जब दूसरे किसान ने सहायक अभियंता से ट्रांसफार्मर बदलने की बात कही तो उन्होने कह दिया डिपो में अभी वाहन उपलब्ध नहीं है। किसानो ने विभाग की इस बहानेबाजी पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं है कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी के अधिकारी कर्मचारी पूरी तरह से सरकारी नियंत्रण से बाहर हो चुके हैं।

जो किसी की नहीं सुनते। इसी तरह एक दूसरे मामले में विकासखण्ड कवर्धा के ही ग्राम नवघटा में एक ग्रामीण किसान के नलकूप में लगा विद्युत पोल पिछले चार दिनो से टूटा पड़ा है। जिसके कारण आसपास के करीब 42 नलकूप की विद्युत आपूर्ति ठप पड़ी है। विद्युत तार खेतों में झूल रहे हैं। लेकिन शिकवा शिकायत के बाद भी विभाग के अधिकारी और लाईन मेन विद्युत पोल को बदलने तैयार नहीं है। किसानो ने बताया कि उन्हें धान की बोआई और रोपाई करनी है। बिजली के आभाव में नलकूप बंद होने से धान थरहा में सिंचाई नही हो पा रही है।

लेकिन विभाग के अधिकारी किसानो की इस पीड़ा और संभावित नुकसान को समझने को तैयार नहीं है। उन्होने शासन-प्रशासन के साथ ही क्षेत्रीय विधायक से क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था दुरूस्थ कराए जाने की मांग की है।

## अंतिम व्यक्ति तक शासन की पहुंच और लाभ सुनिश्चित करने की मंशा पर फिर रहा पानी





जिले के सत्ताधारी नेता और जनप्रतिनिधि ये कहते नहीं थक रहे हैं कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार का लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक शासन की पहुंच और लाभ सुनिश्चित करना है लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि सरकार ने इस लक्ष्य की जिम्मेदारी जिन कंधो में दे रखी है वे प्रशासनिक और विभाग अधिकारी न तो सरकार की मंशा से कोई सरोकार रख रहे हैं और न ही उन्हें गांव, करीब और किसानो की समस्याओं से कोई सरोकार है।

### ठेकेदार हड़ताल में हैं

विद्युत ठेकेदार हड़ताल पर चल रहे हैं जिसके कारण विद्युत संबंधी कार्य बाधित हो रहा है। हड़ताल समाप्त होने के बाद कार्य करा दिया जाएगा। जो कार्य करने के लिए कहा जा रहा है वह विभागीय स्तर पर संभव नहीं है। ठेकेदारों की हड़ताल कब समाप्त होगी कहा नहीं जा सकता।

**संदीप सोनी, सहायक अभियंता, पिपरिया**



# वनांचल रेंगाखार में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मंगलवार को कबीरधाम जिले के वनांचल क्षेत्र रेंगाखार जंगल में रात्रि विश्राम के पश्चात प्रातः काल सर्किट हाउस में क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं, मांगें एवं शिकायतें संवेदनशीलता के साथ सुनी और कई महत्वपूर्ण विषयों का मौके पर ही समाधान भी किया।

वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों ने उपमुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर हर्ष और गर्व की अनुभूति व्यक्त की। उन्होंने बताया कि उपमुख्यमंत्री ने रात्रि विश्राम उनके क्षेत्र में किया और सुबह-सुबह बिना किसी औपचारिकता के आमजन की बातों को गंभीरता से सुना। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को प्राथमिकता से जाना। ग्रामीणों ने पेयजल, सड़क मरम्मत, स्वास्थ्य सुविधा, पट्टा, स्कूली भवन मरम्मत एवं राशन वितरण से संबंधित समस्याओं से अवगत कराया। उपमुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक मांग पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

कई मांगों का उन्होंने स्वयं मौके पर निराकरण भी कर दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला पंचायत सदस्य राजकुमार मेरावी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे सहित क्षेत्रिय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार का लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक शासन की पहुंच और लाभ सुनिश्चित करना है। ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों का समग्र विकास हमारी प्राथमिकता है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे समय-समय पर क्षेत्रीय भ्रमण कर जनसुनवाई करें और समस्याओं का शीघ्र निराकरण करें। ग्रामीणों ने कहा कि उपमुख्यमंत्री की सादगी और संवेदनशीलता से उन्हें भरोसा मिला है कि उनकी वर्षों पुरानी समस्याओं का अब समाधान होगा।

## खबर संक्षेप

### ग्राम बिपतरा में मनाया गया शाला प्रवेशात्सव

**कवर्धा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बिपतरा में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती का शैलचित्र का पूजा अर्चना कर व बच्चों का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि बच्चों के साथ बिताए उनकी नई यात्रा की शुरुआत के क्षण अनमोल हैं। उन्होने बच्चों को नियमित रूप से शाला आने तथा बच्चों को मनलगाकर पढ़ाई लिखाई करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि दिनेश चंद्राकर, जिला महासचिव युवा कांग्रेस व्यास चंद्राकर, ग्राम पटेल भानुप्रताप चंद्राकर, टोपचंद चंद्राकर, देवनाथ योगी, मोहन चंद्राकर व समस्त शिक्षक उपस्थित थे।

### हैंडबॉल अचीवर्स अकडमी की टीम बनी विजेता

**कवर्धा।** भिलाई में गत दिनो हैंडबॉल का 1 दिवसीय सीनियर टूर्नामेंट आयोजित किया गया। जिसमे कवर्धा की अचीवर्स हैंडबॉल अकडमी के खिलाड़ियों ने भी हिस्सा लिया। कवर्धा के खिलाड़ियों ने सेक्टर 4 और फाइटर क्लब के टीम को हारते हुए फाइनल मैच अपने नाम किया। फाइनल मुकाबला फाइटर क्लब विरुद्ध अचीवर्स हैंडबॉल अकडमी कवर्धा के मध्य हुआ जिसमें कवर्धा की टीम ने भिलाई को 3 गोल से हराया और फाइनल अपने नाम किया। फाइनल मैच का अंतिम स्कोर भिलाई 11 और कवर्धा 14 रहा। कवर्धा के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ हैंडबॉल एसोसिएशन के महासचिव समीर अहमद, कोच विजय बहादुर सिंह, राजेश सरकार एवं मोहम्मद गनी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कवर्धा हैंडबॉल अचीवर्स अकडमी की विजेता टीम में खिलाड़ी शेख इमाम हमजा, श्रीराज निर्मलकर, महेंद्र हरिनखेड़े, रवियांशु साहू, संदीप यादव, रेहान खान , अर्शील खान तथा मयंक साहू ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया।

# जिले में भर्राशाही की पराकाष्ठा, खरीदी समाप्त होने के पांच माह बाद भी धान का समुचित उठाव नहीं



- पेण्ड्रीकला समिति में करीब 700 क्विंटल धान बर्बादी के कगार में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

इसे भर्राशाही की पराकाष्ठा ही कहें की वर्ष 2024-25 में प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से समर्थन मूल्य में की गई धान खरीदी का समुचित उठाव, खरीदी समाप्त होने के पांच महिने बाद भी नहीं हो पाया है। जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पेंण्ड्री कला सेवा सहकारी समिति में इस भर्राशाही और बर्बादी का एक नमूना साफ देखा जा सकता है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने वर्ष 2024-25 के लिए सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से धान की खरीदी नवम्बर 2025 में प्रारंभ की थी और 31 जनवरी तक धान की खरीदी की गई थी। सरकारी नियम के मुताबिक धान खरीदी के 72 घंटे के भीतर धान का उठाव सुनिश्चित किए जाने का प्रावधान किया गया था। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि ग्राम पेण्डी कला सेवा सहकारी समिति में धान खरीदी के करीब पांच महिने बाद भी धान का समुचित उठाव नहीं हो पाया है। जिसके चलते भरी बरसात के इस सीजन में आज भी करीब 700 क्विंटल धान समिति में खुले आसमान के नीचे असुरक्षित ढंग से पड़ी बर्बाद हो रही है। जिसका सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य के हिसाब से आंकलन किया जाए तो इसकी कीमत 21 लाख 70000 रूपए है। समझा जा सकता है कि लाखों की धान की इस बर्बादी का बोझ आखिर किसके सिर पर आएगा। निश्चित रूप से यह आमजनता की गाढ़ी कमाई का ही हिस्सा है जिसे शासन-प्रशासन और संबंधित विभाग बर्बाद करने में तुला है। स्थानीय ग्रामीणों ने सरकार की इस घोर लापरवाही और किसानो की मेहनत से उपजाई गई धान की इस बर्बादी पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि भले ही सरकार इस धान कीमत नहीं समझ रही है लेकिन एक किसान और भूखे पेट रहकर अपना जीवन गुजर बसर करने वाला गरीब इसकी कीमत बखूबी समझता है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन तथा संबंधित विभाग से इन धान को जल्द से जल्द सुरक्षित कराए जाने की मांग की है।

# खाद, बीज की समस्या, कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा




प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार जिला एवं ब्लाक कांग्रेस कमेटी स. लोहारा द्वारा सेवा सहकारी समिति में व्याप्त खाद, बीज की भारी किल्लत और इसके चलते किसानो को हो रही परेशानियों को लेकर मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विकासखण्ड स. लोहारा की ग्राम बिंडौरा, सूरजपुर, कुरुवा, जरहाटोला, स. लोहारा, सालिह ,बड़ौदा खुर्द, बिरनपुर सेवा सहकारी समितियों का घेराव कर अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन स्थानीय प्रशासन को सौंपा। इस संबंध में ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि क्षेत्र में लगातार किसानों व सभी वर्गों को अपनी मूलभूत आवश्यकताओं और प्रशासनिक लचर व्यवस्था के चलते असहनीय पीड़ा झेलना पड़ रही है। उन्होने कहा कि सरकार की नीति प्रदेश चलाने की नहीं केवल भ्रष्टाचार शोषण और अपराधियों को संरक्षण देने तक की रह गई हैं, सरकार की उदासीनता के चलते ही प्रदेश अंधकार की ओर जा रहा है। खेती किसानी के इस सीजन में अन्नदाता किसानो को मांग के अनुरूप खाद, बीज नहीं मिल पा रहा है और वे बाजार से मंहगे दामों में खाद, बीच खरीदने मजबूर हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अगर किसानों को जल्द ही खाद, बीज उपलब्ध नहीं कराया गया तो चक्काजाम किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप भगवानसिंह पटेल, नेतराम जंघेल, चोवाराम साहू, भारत वर्मा, शरद बांगली, सौखी लाल साहू, रामाधार पटेल, संतोष पटेल, झूलाराम साहू, फतते साहू, शंभू पटेल, सुरेश पटेल, चन्द्रशेखर नागराज, चेतन पाली, ईश्वरी साहू, बाबूलाल पटेल, सेतराम श्रीवास, भागी पटेल, रामकुमार पटेल, रूपेश साहू, विजय ओगरे, जनकू पटेल, साहेब पटेल, रामाधार पटेल, जीवन झारिया, कमलेश पटेल, ताज मोहम्मद, खेला झरिया एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संविलियन दिवस पर स्कूल परिसर में किया गया पौधारोपण



**कवर्धा।** जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा में एक जुलाई को संविलियन दिवस के अवसर पर विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। शिक्षकों ने इस दिन को यादगार बनाने के लिए पौधे लगाए। संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी, व्याख्याता कल्पना मरावी, रंजीता माहेश्वरी और वीणाक्षी नामदेव ने बताया कि एक जुलाई 2018 को प्रदेश भर के शिक्षाकर्मियों को स्कूल शिक्षा विभाग में संविलियन कर शासकीय शिक्षक का दर्जा दिया गया था। यह शिक्षकों के लंबे संघर्ष का परिणाम था, जिसके चलते प्रत्येक वर्ष एक जुलाई को संविलियन दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी उपलक्ष्य में छिरहा स्कूल में शिक्षकों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। यह पहल संविलियन दिवस के महत्व को रेखांकित करती है और भविष्य के लिए हरियाली का संदेश देती है।

## पशुवध एवं मांस बिक्री निषिद्ध

**कवर्धा।** कलेक्टर ने जिले में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस, 16 अगस्त को श्री कृष्ण जनमाष्टमी, 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी, 03 सितंबर को ढोल ग्यारस, 06 सितंबर को अनन्त चतुर्दशी, 02 अक्टूबर को गांधी जयंती, 21 अक्टूबर को भगवान महावीर निर्वाण दिवस और 18 दिसंबर को गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर पशुवध गृह एवं मांस बिक्री केन्द्रों को बंद रखने आदेशित किया है।

नपं जनप्रतिनिधयों ने सफाई दीदियों के प्रति जताया आभार

# स.लोहारा में मणिकंचन कर्मियों को बांटे गए रेनकोट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ स.लोहारा

नगर पंचायत सहसपुर लोहारा के सभा कक्ष में मणिकंचन केन्द्र सहसपुर लोहारा स्थित एसएलआरएम सेंटर के सभी कर्मचारीयों को वर्षा ऋतु से बचने के लिए तथा नगर में स्वच्छता का कार्य निर्वाद्ध रूप से संचालित करने के लिए रेनकोट का वितरण नगर पंचायत द्वारा किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष की उपस्थिति में सभी को रेनकोट प्रदान किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष संतोष मिश्रा ने स्वच्छता दीदियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपकी वजह से ही नगर पंचायत में स्वच्छता बरकरार है अतः आप लोगों की सुरक्षा हमारे लिए अति आवश्यक है। सहसपुर लोहारा नगर पंचायत के सीएमओ तेजराम चंद्रवंशी ने समस्त सफाई कर्मियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बारिश से बचकर स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए सफाई कार्य करते हुए नगर को स्वच्छ बनाए रखने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर नगर पंचायत के कर्मचारी, सभापति, जनप्रतिनिधि, समस्त सफाई कर्मी उपस्थित थे।

# झलमला में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



नए शिक्षा 2025-26 के शुभारंभ अवसर पर मंगलवार को ग्राम झलमला में संचालित शासकीय हाई एवं हायर सकेण्डरी स्कूल में शाला प्रवेशात्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच ओमप्रकाश चंद्रवंशी ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पवन चंद्रवंशी, उप सरपंच श्रीमती इन्द्राणी चंद्रवंशी, असवान साहू, अश्विनी शर्मा, शाला विकास समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी, प्रवीण ठाकुर, उमेश्वर साहू, ईश्वरी चंद्रवंशी, हीरा चंद्रवंशी सहित गणमान्य नागरिक व छात्र छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि डॉ. वीरेन्द्र साहू द्वारा जहां स्कूल के नवप्रवेशी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर स्वागत किया वहीं उन्हें शासन की योजना के तहत निःशुल्क पाठ्य पुस्तक तथा स्कूल की पात्र छात्राओं को सरस्वती सायकल योजना के तहत सायकल वितरित की। वहीं मुख्य अतिथि ने स्कूल में विद्यार्थियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने वॉटर कूलर प्यूरीफायर लगवाने की घोषणा की। इस अवसर मुख्यअतिथि डॉ. वीरेन्द्र साहू ने विद्यार्थियों को नए शिक्षा सत्र की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज इस शाला प्रवेश उत्सव के पावन अवसर पर आप सबके बीच उपस्थित होकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। यह दिन विशेष है, क्योंकि आज से न सिर्फ एक नया शैक्षणिक सत्र आरंभ हो रहा है, बल्कि हमारे कई विद्यार्थी नई कक्षा और नए जीवन चरण में प्रवेश कर रहे हैं, खासकर वे जो अब हाई स्कूल के छात्र बन गए हैं। उन्होने कहा कि हाई स्कूल में प्रवेश सिर्फ एक और कक्षा में जाना नहीं है, यह एक नई जिम्मेदारी और नए सपनों की शुरुआत है। यही वह समय होता है जब छात्र अपने जीवन के लक्ष्यों की ओर गंभीरता से सोचने लगते हैं। यही वह उम्र है जब आदतें बनती हैं, दिशा तय होती है, और भविष्य की नींव डाली जाती है। उन्होने सभी विद्यार्थियों को नियमित रूप से शाला आने और बेहतर ढंग से पढ़ाई लिखाई करने के लिए प्रेरित किया।